भीलवाड़ा/ बुधवार 18 सितम्बर 2024

RNI NO. RAJHIN/2016/74127

# नमस्ते राजस्थान

वर्ष : 09 अक: 03 E-Mail: namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com भीलवाड़ा संस्करण पृष्ठ 08 मूल्य 4 रुपए हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र मो. 9214417111, 8005910698



राष्ट्रीय राजनीति में छा गए दोनों नेता, हरियाणा में भाजपा के लिए करेंगे प्रचार

## डॉ. सतीश पूनिया और दीया कुमारी प्रदेश के टॉप 5 नेताओं में शामिल

नमस्ते राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और डॉ. सतीश पूनिया अब भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति में छा गए है। दीया कुमारी और सतीश पूनिया को हाल ही में हरियाणा में भाजपा ने स्टार प्रचारक बनाया है जो अब भाजपा की जीत के लिए रणनीति बनाएंगे और प्रचार प्रसार करेंगे। हालांकि इनके साथ ही प्रदेश में दो बार मुख्यमंत्री रह चुकी वसुंधरा राजे सिंधिया, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को भी भाजपा ने स्टार प्रचारक बनाया है। राजस्थान भाजपा से यह पांच वह चेहरे है जो भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति में अपनी चमक बिखेरेंगे। बता दें कि प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी अपने दूरदृष्टिपूर्ण कार्यों, विकास योजनाओं को त्वरित गति से लागू करने और अपनी बेबाकी के लिए जानी जाती है। राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में दुनियाभर में अलग पहचान दिलाने और विदेशी निवेशकों को राजस्थान में निवेश के लिए मजबूर करने के लिए उप मुख्यमंत्री दीया





कुमारी प्रयासरत है। दीया कुमारी स्पष्ट लक्ष्य, दूरगामी सोच और साफ नीयत के साथ प्रदेश के विकास के लिए कृत संकल्पित नजर आ रही है जो अब भाजपा को हरियाणा में विजयी बनाने के लिए प्रचार करेंगी। इधर प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया भी भाजपा के 40 स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल है। पूनिया को इससे पहले लोकसभा चुनावों में भी हरियाणा का प्रभारी बनाया गया था जिनके नेतृत्व में भाजपा ने पांच सीटों पर विजय प्राप्त करने में सफलता हासिल की थी। बता दें कि संघनिष्ठ छवि के रूप में डॉ. सतीश पूनिया की न केवल प्रदेश की सियासत में अलग पहचान है बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी विशेष स्थान है। धरातल पर मेहनत करने वाले नेताओं में सतीश पूनिया का कोई मुकाबला नहीं है। हालांकि सतीश पूनिया पिछला विधानसभा चुनाव मामूली अंतर से किन्ही कारणों से हार गए थे, मगर इसके बावजूद हौंसला बरकरार रखा जिसकी बदौलत है कि पहले उन्हे हरियाणा में लोकसभा चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया और अब हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रभारी बनाकर भेजा गया है। इसके साथ ही हाल ही भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व की ओर से घोषित 40 स्टार प्रचारकों की सूची में भी उन्हे जगह दी गई है। काबिले गौर है कि डॉ. सतीश पूनिया के साथ ही विधानसभा चुनाव हारने वाले कई बड़े नेता अभी भी अपना मुकाम प्रदेश की सियासत में बनाने के लिए लगातार जूझ रहे है मगर कामयाबी नहीं मिली है तो वहीं सतीश पूनिया राज्य की सियासत में मजबूत पकड़ बनाने के बाद अब राष्ट्रीय राजनीति में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक यदि हरियाणा में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनती है तो डॉ. सतीश पूनिया और उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी का कद नेशनल पॉलिटिक्स में बढ़ना तय माना जा रहा है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व उन्हें और भी बड़ी जिम्मेदारी देने पर विचार कर सकता है।

## डॉ. सतीश पूनियां ने दिवंगत 'काका' को दी श्रद्धांजलि



नमस्ते राजस्थान

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और हरियाणा भाजपा के प्रभारी, डॉ. सतीश पूनियां ने हरियाणा से राजस्थान पहुंचकर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री सुंदरलाल काका को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. पूनियां ने झुंझुनूं जिले के ग्राम कलवा (बुहाना) में पहुंचकर सुंदरलाल काका के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। सुंदरलाल काका के निधन से भाजपा परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। डॉ. पूनियां ने इस मौके पर सुंदरलाल काका के योगदान और उनकी सेवाओं का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने समाज और पार्टी के लिए अनुकरणीय कार्य किए हैं, और उनका जाना अपूरणीय क्षति है। श्रद्धांजलि सभा के बाद, डॉ. सतीश पूनियां ने फरीदाबाद के लिए प्रस्थान किया, जहां वे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हरियाणा भाजपा की कोर कमेटी और चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल होंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पार्टी की रणनीति और चुनाव प्रबंधन पर गहन चर्चा होगी। डॉ. पूनियां का हरियाणा भाजपा प्रभारी के तौर पर यह दौरा पार्टी की आगामी चुनावी तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हरियाणा और राजस्थान के भाजपा नेताओं के बीच लगातार संवाद और समन्वय बढ़ाने के प्रयासों में डॉ. सतीश पूनियां की अहम भूमिका रही है। पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों में तेजी लाने के लिए पूनियां की यह यात्रा पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है।

न्यूज इनबॉक्स

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि केसः मुस्लिम पक्ष को ' सुप्रीम' झटका

नमस्ते राजस्थान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट से मुस्लिम पक्ष को करारा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट नवंबर के पहले सप्ताह में मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई करेगा। शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंधन ट्रस्ट समिति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। मंगलवार को सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष को शीर्ष अदालत से खास राहत नहीं मिली है। ट्रस्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी जिसमें श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से जुड़े 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली उसकी याचिका को खारिज कर दिया था। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने सुनवाई की। फिलहाल हाईकोर्ट में चल रही मुख्य मामले की सुनवाई जारी रहेगी। मगर विवादित परिसर के सर्वे पर रोक रहेगी।

मोदी सरकार -3 के सौ दिन पूरे

### देश में जनगणना जल्द, अमित शाह ने दिए संकेत



नमस्ते राजस्थान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश में जनगणना कराए जाने के संबंध में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को इसके संकेत दे दिए हैं कि भारत में जल्द जनगणना होने जा रही है। हालांकि, उन्होंने इस संबंध में तारीख को लेकर स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं कहा है। हाल ही में खबरें आई थीं कि देश में जनगणना की तैयारियां चल रही हैं। जनगणना के बारे में सवाल पूछे जाने पर शाह ने कहा कि हम बहुत जल्द इसकी घोषणा करेंगे। बता दें कि साल 2011 के बाद से देश में जनगणना नहीं हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ अमित शाह ने एक संवाददाता सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने जाति आधारित जनगणना पर भी बता की। उन्होंने कहा कि जब हम जनगणना की घोषणा करेंगे तो हम सभी जानकारियां सार्वजनिक करेंगे। भारत में 1881 से हर 10 साल में जनगणना की जाती है। इस दशक की जनगणना का पहला चरण एक अप्रैल, 2020 को शुरू होना था लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टालना पड़ा था। शाह की यह टिप्पणी जाति आधारित जनगणना कराने की राजनीतिक दलों की मांग के बीच आई है। नए आंकड़ों के अभाव में सरकारी एजेंसियां अब भी 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर नीतियां बना रही हैं ।

ओडिशा में प्रधानमंत्री ने किया सुभद्रा योजना का उदघाटन

## मेरे गणेश पूजन में भाग लेने से भड़का कांग्रेस का ईको सिस्टमः पीएम मोदी

गणेश उत्सव देश के लिए आस्था से भी बढ़कर है, आजादी में रहा था अहम योगदान

नमस्ते राजस्थान

**भुवनेश्वर(एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में सुभद्रा योजना के उद्घाटन मौके पर कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि समाज को बांटने और तोड़ने में लगे सत्ता के भूखे लोगों को गणेश पूजा से परेशानी हो रही है। कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम के लोग इसलिए भड़के हुए हैं, क्योंकि मैंने गणेश पूजन में भाग लिया था। इस दौरान पीएम ने एक आदिवासी परिवार से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि गणेश उत्सव हमारे देश के लिए सिर्फ आस्था का पर्व नहीं है। गणेश उत्सव ने हमारे देश की आजादी में बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी। जब सत्ता की भूख में अंग्रेज देश को बांटने में लगे थे, देश को जातियों के नाम पर लड़वाना, समाज में जहर घोलना, बांटो और राज करो उनका हथियार बन गया था। तब लोकमान्य तिलक ने गणेश उत्सव के सार्वजनिक आयोजनों के जरिए



भारत की आत्मा को जगाया था। ऊंच, नीच, भेद-भाव इन सब से ऊपर उठकर हमारा धर्म हमें जोड़ना सिखाता है। पीएम ने कहा कि कर्नाटक में तो कांग्रेस सरकार ने भगवान गणेश की प्रतिमा को सलाखों के पीछे डाल दिया। ऐसी नफरत भरी सोच, समाज में जहर घोलने की मानसिकता देश के लिए खतरनाक है। ऐसी ताकतों को आगे नहीं बढ़ने देना है। साथ मिलकर कई मुकाम हासिल करने हैं। देश और ओडिशा को आगे लेकर जाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी देश, कोई भी राज्य तभी आगे बढ़ता है, जब उसके विकास में उसकी आधी आबादी यानी हमारी नारी शक्ति की बराबर भागीदारी होती है। इसलिए महिलाओं की उन्नति, महिलाओं का बढ़ता सामर्थ्य ओडिशा के विकास का मूल मंत्र होने वाला है। देश में डिजिटल करेंसी से ओडिशा की महिलाएं जुड़ेंगीं। पीएम ने कहा कि भारत में प्रधानमंत्री आवास योजना महिला सशक्तीकरण का प्रतिबिंब है। इस योजना के तहत छोटे-छोटे गांव में संपत्ति महिलाओं के नाम होने लगी है। आज देश के 30 लाख परिवारों का गृह प्रवेश कराया है। जिन परिवारों को पक्का घर मिला है या घर मिलना पक्का हुआ, उनके जीवन की नई शुरुआत है। पीएम ने कहा कि मैं एक आदिवासी परिवार के गृह प्रवेश में गया था। उस परिवार को भी पीएम आवास मिला है। आदिवासी बहन ने मुझे खीर खिलाई। जब मैं खीर खा रहा था तो मुझे मां की याद आई। आज एक आदिवासी मां ने खीर खिलाकर जन्मदिन का आशीर्वाद दिया।

### भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में लहराया 5वीं बार अपना परचम

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम ने एक बार फिर एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अपना परचम लहराया ह। चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय हॉकी टीम ने चीन को करारी शिकस्त देकर पांचवी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीत लिया ह। फाइनल मैच भारत और चीन के बीच खेला गया। बड़ी बात यह है कि भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारी। भारतीय हॉकी टीम ने मंगलवार (17 सितंबर) को फाइनल मुकाबला मेजबान चीन के साथ खेला। जिसमें भारतीय टीम ने चीन को कड़े मुकाबले में 1-0 से शिकस्त दी और पांचवीं बार एशियाई चैंपियंस ट्राफी का खिताब जीता। भारत और चीन के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक था। पहले तीन क्वार्टर बीतने तक दोनों में से किसी भी टीम गोल नहीं कर पाई। हालांकि आखिर में डिफेंडर जुगराज सिंह ने फील्ड गोल करके टीम को जीत ।

मोदी के जन्मदिन पर राज्य सरकार ने दिया बड़ा तोहफा

## राजस्थान में किसानों और उद्योगों को मिलेगी सस्ती बिजलीः भजनलाल

नमस्ते राजस्थान

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनता को बड़ा तोहफा दिया। उन्होंने राजधानी जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव' कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि जल्द ही राजस्थान में किसानों और उद्योगों को सस्ती दरों पर बिजली मिलने लगेगी। सीएम भजनलाल शर्मा ने यह ऐलान एनटीपीसी के 160 मेगावाट की ऊर्जा परियोजनाओं का शिलान्यास करने के बाद किया।

### जल्द ही ज्वाइंट वेंचर शुरू होगा

सीएम ने बताया कि नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन और राजस्थान विद्युत वितरण निगम में एमओयू हुआ था, जिसके बाद एक नई कंपनी स्थापित की गई। एक ज्वाइंट वेंचर शुरू किया जाएगा, जिसके बाद 25 हजार मेगावाट अक्षय ऊर्जा विद्युत परियोजनाएं शुरू होंगी। इसके लिए 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा। इन परियोजनाओं से न सिर्फ किसानों को, बल्कि उद्योगों को भी सस्ती दरों पर बिजली मिलेगी। राजस्थान सीएम का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब वे हाल ही में गुजरात दौरे से लौटे हैं।



### ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य

भजनलाल ने 'एक्स' पर लिखा था कि, 'हमारी सरकार नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इस महत्वपूर्ण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राज्य सरकार घरेलू व विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने, अत्याधुनिक व नवीनतम तकनीकों को अपनाने और ऊर्जा के क्षेत्र में व्यापक व दूरगामी सुधार लाने के लिए सतत प्रयासरत है। हमारी सरकार का सुदृढ़ उद्देश्य है कि राजस्थान न केवल ऊर्जा उत्पादन में पूर्णतः आत्मनिर्भर बने, अपितु देश के अन्य भागों की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में भी महत्वपूर्ण व निर्णायक योगदान दे।

## जलदाय विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के घर से एसीबी ने जब्त किए 55 लाख

नमस्ते राजस्थान

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान में एंटी करप्शन ब्यूरो लगातार सरकारी विभाग पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए हैं. इसके बाद एसीबी लगातार राजस्थान के अलग-अलग जिलों के सरकारी बाबूओं के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है. एसीबी को शिकायत मिलने के बाद तुरंत एक्शन ले रही है. राजस्थान में इस महीने रिश्वत मामले में दर्जनों सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों की गिरफ्तारी हो चुकी है. लेकिन इसके बावजूद रिश्वत का खेल जारी है. बीते सोमवार (16 सितंबर) को जयपुर की एसीबी टीम ने अलवर के जलदाय विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को गिरफ्तार किया था. अलवर के पीएचडी में कार्यरत एग्जीक्यूटिव इंजीनियर दिव्यांक त्यागी को अंबेडकर नगर बस स्टैंड पर डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था. जबकि इससे पहले भी वह एक लाख रुपये रिश्वत ले चुका था. 17 सितंबर को एग्जीक्यूटिव इंजीनियर दिव्यांक त्यागी को कोर्ट में पेश किया गया. जिसके बाद उसे 14 दिन के लिए जेल भेज दिया गया. एसीबी की टीम ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर दिव्यांक त्यागी को गिरफ्तार करने के बाद कार्रवाई शुरू की. जिसमें उसके कार्यालय में छानबीन की गई. वहीं एसीबी की दूसरी टीम ने दिव्यांक त्यागी के घर पर भी छापेमारी की।



## बुलडोजर कार्रवाई के लिए अब 'सुप्रीम' इजाजत जरूरी

नमस्ते राजस्थान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देशभर में अपराधियों और अन्य मामलों में बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि अगले आदेश तक देश में कहीं भी मनमाने ढंग से बुलडोजर की कार्रवाई नहीं होगी। शीर्ष अदालत इस संबंध में दिशा निर्देश जारी करेगा। देश के सभी राज्यों को इन निर्देशों का पालन करना होगा। बुलडोजर एक्शन के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट अब एक अक्टूबर को अगली सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई के महिमा मंडन पर भी सवाल खड़ा किया। कोर्ट ने कहा यह रूकना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि अगली सुनवाई तक हमारी अनुमति से ही एक्शन लें। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन पर किए गए अवैध निर्माण पर यह निर्देश लागू नहीं होगा। वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने कहा कि हर दिन तोड़फोड़ हो रही है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि 2022 में नोटिस दिया गया और उसके बाद कार्रवाई की गई। इस बीच अपराध भी हुए हैं। जस्टिस गवई ने कहा कि जब 2022 में नोटिस जारी किए गए तो 2024 में जल्दबाजी क्यों? राज्य सरकार को सूचित किया जाए। जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि मैं स्पष्ट कर दूं कि हमारे निर्देश होंगे। इन्हें गाइडलाइन कहा जा रहा है। अगली तारीख तक कोर्ट की अनुमति के बिना तोड़फोड़ पर रोक लगाई जाए। जस्टिस जे गवई ने कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि हम अनधिकृत निर्माण के बीच में नहीं आएंगे, लेकिन कार्यपालिका न्यायाधीश नहीं हो सकती।



## अरविंद केजरीवाल ने दिया इस्तीफा, अब दिल्ली में आप की 'आतिशी' मुख्यमंत्री

नमस्ते राजस्थान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। अब दिल्ली सरकार में ही मंत्री रहीं आतिशी सीएम की कुर्सी संभालेंगी। मंगलवार शाम साढ़े चार बजे अरविंद केजरीवाल एलजी हाउस पहुंचे। उनके साथ विधायक दल की नेता चुनीं गईं आतिशी और पूरी कैबिनट थी। जहां उन्होंने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंपा। अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश किया और विधायकों का समर्थन पत्र उपराज्यपाल को सौंपा। इस दौरान पूरी कैबिनेट उपराज्यपाल सचिवालय में मौजूद रहीं।



### सीएम के साथ पूरी कैबिनेट ने भी दिया इस्तीफा

मुख्यमंत्री के इस्तीफे के साथ ही पूरी कैबिनेट ने भी इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उपराज्यपाल के दिए तय समय पर नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा। फिर नई मुख्यमंत्री नई कैबिनेट चुनेंगी। केजरीवाल के इस्तीफे के बाद आप नेता आतिशी ने कहा कि हमने नई सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है, मैं दिल्ली के लोगों के हितों की रक्षा करूंगी। वहीं आप नेता गोपाल राय ने कहा कि मुख्यमंत्री नामित हुईं आतिशी ने उपराज्यपाल सक्सेना के साथ बैठक में दिल्ली में नई सरकार बनाने के लिए दावा पेश किया है। इस इस्तीफे से पहले मुख्यमंत्री आवास पर आम आदमी पार्टी विधायक दल की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें आतिशी मार्लेना का नाम केजरीवाल की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए प्रस्तावित किया गया था. इसके बाद सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री पद के लिए विधायकों ने आतिशी के नाम पर मुहर लगाई। मुख्यमंत्री पद के लिए चुने जाने के बाद आतिशी ने केजरीवाल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि अगर वो किसी और पार्टी में होती, तो उन्हें चुनाव का टिकट भी नहीं मिल पाता, लेकिन अरविंद केजरीवाल ने ना केवल उन्हें विधायक बनाया, बल्कि मंत्री और अब मुख्यमंत्री पद के लिए भी उनका नाम आगे किया।

### शिक्षा के मुद्दे को पार्टी की पहचान से जोड़ा

एक और बात जो आप को अन्य पार्टियों से अलग करती है, वह है शिक्षा का मुद्दा. सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को मुद्दा बना कर इस दिशा में किए गए काम को अपनी सरकार और पार्टी की पहचान से जोड़ देना वाकई आज के राजनीतिक दौर में दिखना दुर्लभ हो गया है.

## सफाई-मित्र की बेटी को उपराष्ट्रपति ने दिया दिल्ली का न्योताः

# वन मंत्री की तारीफ की तो बोले-मामा की बधाई स्वीकार करता हूं, अलवर शहर आपका भांजा

नमस्ते राजस्थान

**झुंझुनूं।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने झुंझुनूं में स्वच्छ राजस्थान अभियान की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग विषयों को लेकर कार्यक्रम में शामिल लोगों से बात की। एक सफाई मित्र की बेटी से बात करते हुए कहा- आपको देखकर बचपन याद आ गया। आपको दिल्ली आने का न्योता देता हूं। सारी व्यवस्थाएं मेरा ऑफिस करेगा। इसके साथ ही वन मंत्री संजय शर्मा ने जब उप राष्ट्रपति से कहा कि मैं आपका भांजा हूं, पूरा अलवर आपका भांजा है तो समारोह में ठहाका गूंज उठा। उप राष्ट्रपति पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ मंगलवार को झुंझुनूं के परमवीर पीरू सिंह स्कूल में 'स्वच्छ राजस्थान अभियान' के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा- 35 साल पहले झुंझुनूं से ही राजनीतिक सफर की शुरूआत की। वह दौर नहीं भूल सकता। राजस्थान ओडीएफ (खुले में शौचमुक्त) मामले में पीछे नही है। राजस्थान में 97.7 प्रतिशत गांव ओडीएफ मॉडल हैं। झुंझुनूं में 99.9 प्रतिशत गांव ओडीएफ मॉडल हैं। यह सब जन भागीदारी से हुआ।

### कहा- झुंझुनूं की ओर पूरा देश देख रहा है

उप राष्ट्रपति ने कहा- राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत झुंझुनूं से हो रही है। स्वच्छता ही सेवा को उजागर करती है। पूरा देश झुंझुनूं को देख रहा है। इस मिट्टी को नमन करता हूं। यहीं से 1989 में लोकसभा का सदस्य बना था। पीएम मोदी का देश की स्वच्छता में बड़ा योगदान है। हर घर शौचालय की शुरूआत उन्होंने 15 अगस्त 2014 को लाल किले से की थी। वे महात्मा गांधी के सपने को मूल रूप दे रहे हैं। जनता ने कभी नहीं सोचा होगा कि हर घर टॉयलेट बनेगा। यह सिर्फ एक कल्पना थी। लेकिन 15 अगस्त 2014 को प्रधानमंत्री ने ठान लिया था। अब 10 साल में देश में 12 करोड़ शौचालय जमीनी हकीकत हैं। यह बदलावा साधारण नहीं है।



### माताओं-बहनों की खुले में शौच जाने की मजबूरी खत्म

इस अभियान से वह अभिशाप खत्म हुआ जिसमें माताएं-बहनें खुले में शौच जाने के लिए मजबूर थीं। मेरा सौभाग्य है कि मैं झुंझुनूं से स्वच्छता अभियान की शुरूआत कर रहा हूं। उन्होंने कहा- स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। एक महापुरुष (पीएम मोदी) का जन्म 17 सितंबर को हुआ था। दूसरे महापुरुष (महात्मा गांधी) का जन्म 2 अक्टूबर को हुआ। दोनों के जन्म में एक पखवाड़े का फासला है। एक महापुरुष के जन्मदिन पर स्वच्छता की शुरूआत हो रही है और दूसरे की जयंती पर समापन। संबोधन से पहले उपराष्ट्रपति ने स्वच्छता को लेकर जनप्रतिनिधि सहित आमजन से वर्चुअली संवाद किया।

### लांबी अहीर सरपंच नीरू यादव की तारीफ की

उप राष्ट्रपति ने झुंझुनूं जिले की लांबी अहीर गांव की सरपंच नीरू यादव की तारीफ करते हुए कहा- यूनाइटेड नेशन का हमने नाम ही सुना था। हमारी जिले की बेटी नीरू यादव ने यूनाइटेड नेशन सम्मेलन में भाग लेकर देश का नाम रोशन किया है। आप संसद में मेहमान के रूप में आमंत्रित हैं।

### वनमंत्री संजय शर्मा बोले- मैं आपका भांजा

वनमंत्री संजय शर्मा ने पौधारोपण अभियान की जानकारी दी। बताया- अलवर जिले की 11 विधानसभा में 36 लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने एक पौधा मां के नाम लगाने की बात कही थी। अब घर-घर अलख जगी है। आमजन पौधारोपण से जुड़ा है। अलवर में लोग पौधे लगा रहे हैं और संरक्षण भी कर रहे हैं। एक एक पौधे को माताओं-बहनों ने गोद लिया है। पूरे राजस्थान में 7 करोड़ से अधिक पौधे लग चुके हैं। उप राष्ट्रपति ने पूछा- स्कूलों-संस्थानों में पौधारोपण के लिए क्या योजना है, आने वाले समय में कौन सी प्रेरणा देंगे?

वनमंत्री ने कहा- हर दिन एक पौधा लगाने का संकल्प ले रखा है। रोजाना एक पौधा लगाता हूं। जब मां के नाम पौधे का अभियान आया तो इमोशनली लोग जुड़े। जन अभियान चल रहा है। स्कूली बच्चे भी पौधे लगा रहे हैं। पौधा देकर घर में लगाने की प्रेरणा दे रहे हैं। घर या आसपास बच्चा पौधा लगाएगा तो उसकी देखभाल करेगा।

उप राष्ट्रपति ने कहा- बधाई, आप अच्छा प्रयास कर रहे हैं, शुभकामनाएं।

उप राष्ट्रपति ने बधाई दी तो शर्मा बोले- मामा की बधाई स्वीकार कर रहा हूं। आपका भांजा हूं। पूरा अलवर शहर आपका भांजा है।

**जैसलमेर विधायक छोटू सिंह से किया संवाद**

उप राष्ट्रपति ने जैसलमेर विधायक छोटू सिंह से संवाद किया। छोटू सिंह ने कहा- सर, आपसे दो बार मुलाकात हो चुकी है। विस्तार से चर्चा की है। जैसलमेर विश्व विख्यात है, हैरिटेज सिटी है। पर्यटन का मुख्य केंद्र है।

उप राष्ट्रपति ने पूछा- स्वच्छता के मापदंड सर्वोच्च हो इसके लिए क्या योजना है?

इस पर विधायक ने कहा- शहर में स्वच्छता को लेकर अहम कदम उठाए हैं। दीवारों पर पेंटिंग, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। उप राष्ट्रपति बोले- बड़ा काम करते हैं। आश्वस्त हैं कि आप 2 अक्टूबर तक जैसलमेर को स्वच्छ कर देंगे। इस पर विधायक ने आश्वासन दिया है कि जैसलमेर को एकदम स्वच्छ कर दिया जाएगा।

**टोंक जिला प्रमुख सरोज बंसल से की बात**

उप राष्ट्रपति ने टोंक की जिला प्रमुख सरोज बसंल से संवाद किया। कहा- आपका पद बहुत महत्वपूर्ण है। पूरे जिले का आपको ज्ञान है। आपकी कार्य शैली भी महत्वपूर्ण है। स्वच्छता को लेकर क्या योजना बनाई है? जिला प्रमुख सरोज ने कहा- भारत संस्कार और संस्कृति की भूमि है। बच्चा जब से गर्भ में आता है, तब से लेकर 16 संस्कार दिये जाते हैं। स्वच्छता का संस्कार भी उसमें जोड़ा जाए। संस्कारों की गिनती 17 की जाए। जिला प्रमुख ने कहा- स्वच्छता को लेकर टोंक में जागरूकता फैलाएंगे, संवाद करवाएंगे, शपथ दिलवाएंगे। कचरे से कलात्मक चीजें बनाएंगे।

**अजमेर नगर निगम मेयर बृजलता से की बात**

उप राष्ट्रपति ने अजमेर नगर निगम की मेयर बृजलता से संवाद किया। उप राष्ट्रपति ने कहा- आप ऐसे शहर की महापौर हैं, जहां स्वच्छता का बहुत बड़ा महत्व है। आपका शहर कचरा प्रबंधन में कीर्तिमान स्थापित करे, इसके लिए क्या योजना है।

महापौर ने कहा- आम नागरिक को जागरूक कर रहे हैं। जनता को कोई शिकायत नही हैं। साफ सफाई का माकूल व्यवस्था है। सफाई कर्मियों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है, ताकि वे स्वस्थ रहें, वे स्वस्थ रहेंगे तो शहर स्वच्छ रहेगा। उप राष्ट्रपति ने उन्हें सुझाव दिए- पेंटिंग प्रतियोगिता करवाएं, कचरे का प्रबंधन थीम हो तो बच्चों में उत्साह आएगा। वे जागरूक होंगे। मेयर ने पेंटिंग प्रतियोगिताएं करवाने का आश्वासन दिया।

**प्रतापगढ़ के सफाई मित्र तरुण से की बातचीत**

उप राष्ट्रपति ने प्रतापगढ़ के सफाई मित्र तरुण से बात की। कहा- सफाई अभियान में आप और आपके मित्र सबसे ज्यादा भागेदारी हैं। आपका योगदान निर्णायक है। आपकी प्रेरणा हर व्यक्ति को प्रभावित करती है। आपका काम गांधीजी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को पूर्ण आहुति देने जैसा है। आप लगे रहे। मैं आपको और आपके साथियों को देश की संसद देखने के लिए आमंत्रित करता हूं। इस दौरान आप मेरे मेहमान होंगे। आपके जिला प्रशासन से मेरा ऑफिस आज ही संपर्क करेगा। अपने साथियों का चयन कीजिए, मैं आपका दिल्ली में स्वागत करूंगा।

उप राष्ट्रपति ने तरुण की बेटी पूर्वा से भी बातचीत की। पढ़ाई के बारे में पूछा। पूर्वा ने कहा- मेरे पापा आपसे बात कर रहे हैं, यह हमारे परिवार के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। हमें गर्व हो रहा है। इस पर उप राष्ट्रपति ने कहा- आपसे बात कर मेरा बचपन याद आ गया। आपको भी स्पेशल आमंत्रण है। आपकी व्यवस्था मेरा ऑफिस करेगा। वहां हम चर्चा करेंगे।

**लोकार्पण व शिलान्यास किया**

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 500 किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण और 13.18 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कचरा प्रबंधन प्लांट का शिलान्यास किया। इस दौरान उप राष्ट्रपति ने सफाई मित्र सोना देवी व श्रीचंद को प्रतीक चिन्ह, प्रधानमंत्री आवास योजना में मंगेज को 30 हजार, अनिता और गूंजा को 60 -60 हजार, नमस्ते योजना में विनोद, विजेश, कैलाश, रामसिंह और विपिन को दीप स्तंभ देकर सम्मानित किया।

स्वच्छता ब्रांड ऐंबैस्डर छात्रा अंकिता क्यामसरिया व उसकी बहन को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। उपराष्ट्रपति ने स्काउट के छात्रों से मुलाकात की और फोटो सेशन भी करवाया।

**राजीविका स्टॉल का विजिट किया**

राजीविका की स्टॉल पर ग्रामीण महिलाओं से उप राष्ट्रपति ने उत्पादों के बारे में बातचीत की। राजस्थानी पगड़ी और अगरबत्ती के बारे में जानकारी ली। स्वच्छ भारत मिशन के स्टॉल पर सामुदायिक शौचालय एवं कचरा निस्तारण केंद्र के बारे में विस्तार से जानकारी ली। यहां उप राष्ट्रपति जगदीश धनकड़, पत्नी सुदेश धनखड़ एवं कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए।इस दौरान प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरि, सभापति नगमा बानो मौजूद रहीं।

**पूर्व सीएम खट्टर की योजनाओं की तारीफ**


कार्यक्रम में शामिल हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्?टर की तारीफ करते हुए बोले- इनकी पहचान पारदर्शी, उत्तरदायी शासन के रूप में है। मुख्यमंत्री रहते हुए छाप छोड़ी। योग्यता के आधार पर नौकरियां देने का वादा किया और उस पर खरे भी उतरे। उन्होंने कहा- आज योग्य युवा घर में सोया हुआ भी हो तो पता चलता है कि उसकी नियुक्ति हो गई। यह बड़ा परिवर्तन है, पहले नौकरी सिफारिश और पर्ची से मिलती थी।

## युवक का शव मिला तो लोगों का फूटा गुस्साः

# बजरी माफिया पर हत्या का लगाया आरोप; सआदत अस्पताल में किया हंगामा, कलेक्ट्रेट में दिया धरना

नमस्ते राजस्थान

**टोंक।** टोंक के बरोनी थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक युवक का शव मिलने के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों और ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। परिजनों ने बरोनी थाना क्षेत्र के बजरी माफिया पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए सआदत अस्पताल में देर रात तक प्रदर्शन कर जोरदार हंगामा किया। अभी आरोपियों की गिरफ्तारी और थानाधिकारी को सस्पेंड करने की मांग को लेकर लोग क्लेक्ट्रेट पर धरने पर बैठे है। अभी समझोता नहीं हुआ है। इस दौरान पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाइश की, लेकिन परिजन और ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी और संबंधित थाना इंचार्ज पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। अभी पोस्टमार्टम नहीं हुआ है। दरअसल बरोनी थाना क्षेत्र में सोहेला निवासी छोटू लाल गुर्जर (29) पुत्र देवकरण गुर्जर गांव से करीब एक-डेढ़ किमी दूर नेशनल हाईवे 52 जाने वाले रोड पर सोमवार रात करीब साढ़े 9 बजे लहूलुहान



हालत में गंभीर अवस्था में पड़ा था। राहगीरों ने इसकी सूचना पहचाने पर परिजनों को दी। परिजन और कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उसके सिर से काफी खून बह रह था। उसे लेकर परिजन सआदत अस्पताल पहुंचे। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में गुस्साएं लोगों ने बारेबाजी शुरू कर दी।

### अभी तक नहीं हुआ पोस्टमॉर्टम

सूचना के बाद पीपलू डीएसपी कुलदीप देशराज अस्पताल पहुंचे और समझाइश की, लेकिन लोग आरोपियों की गिरफ्तारी और संबंधित थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। मंगलवार सुबह भी ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े हुए है। बहरहाल अभी शव का पोस्टमॉर्टम नहीं हुआ है। मृतक के भाई मुनेश गुर्जर ने बताया कि उसका भाई जिस और गया था, उसी रूट पर जीतराम चौधरी सरिया लेकर गया था, ऐसे में उसकी भाई की हत्या की गई है। यह हत्या पुराने जमीन विवाद को लेकर की गई है। पुलिस आरोपियों को बचा रही है।

### पुलिस प्रथम प्रष्टया सड़क हादसा बता रही है

उधर पीपलू डीएसपी कुलदीप देशराज ने बताया कि प्रथम प्रष्टया यह सड़क हादसा है। फिर भी परिजन जो आरोप लगा रहे है, उस दृष्टिकोण से भी जांच की जाएगी।

### चार भाइयों में सबसे छोटा था

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक 4 भाई है। यह सबसे छोटा था। शादीशुदा था। इसके बच्चे नहीं है। यह खेतीबाड़ी ही करता था। सोमवार रात को खाना खाकर गांव में ही घूमने निकला था। फिर उसकी देर रात को वह लहूलुहान हालत में पड़ा मिला।

## रंजिश के चलते युवक पर हमला कर किया घायलः

# एक लाख 62 हजार रुपए छीने,5 नामजद और 20-25 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नमस्ते राजस्थान

**हनुमानगढ़।** रंजिश के चलते दूध डेयरी का कार्य करने वाले युवक पर हमला कर घायल करने और एक लाख 62 हजार रुपए से अधिक की नकदी छीनने का मामला सामने आया है। घायल युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस संबंध में सदर पुलिस थाने में पांच नामजद और 20-25 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार अजय (27) पुत्र ओमप्रकाश जाट निवासी भांभूवाली ढाणी ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसका भाई रमन कुमार दूध डेयरी का कार्य करता है। वह डेयरी पर आसपास से दूध इकट्ठा करता है। 12 सितंबर को भीमसेन व उसके पिता इन्द्राज, सुरजाराम व 40-50 अन्य लोगों ने उसके भाई रमन पर हमला कर दिया था। इस संबंध में




उसके भाई रमन ने 12 सितंबर को पुलिस थाना में दरख्वास्त दी थी। इसकी वजह से भीमसेन वगैरा उससे व उसके भाई से और रंजिश रखने लगे व धमकी देने लगे। रविवार रात्रि करीब 8.30 बजे उसका भाई रमन अपने वाहन टाटा एस में गांव से दूध इकट्ठा कर घर की ओर आ रहा था। उसके साथ दूध लेने के लिए आया हुआ कुलदीप मजहबी भी था। रास्ते में नरेन्द्र कुमार उर्फ नीरज पुत्र इन्द्राज, भीमसेन व उनके पिता इन्द्राज, भीमसेन का चाचा सुरजाराम, सुरेन्द्र उर्फ भायड़ा पुत्र महावीर नायक ने गाड़ी के आगे अचानक बैल गाड़ी लगा दी। इनके साथ करीब 20-25 लोग और भी थे। इनमें हाथों में लाठियां, तलवार, गण्डासियां थीं। उसके भाई रमन ने अपनी गाड़ी को अंदर से लॉक कर लिया। भीमसेन, इन्द्राज, सुरजाराम, सुरेन्द्र, भागीरथ ने गाड़ी पर लाठियां-गण्डासियां बरसानी शुरू कर दी। गाड़ी के दरवाजे का लॉक तोड़कर रमन को बाहर निकाल दिया। रमन को जमीन पर गिराकर लाठियों व धारदार हथियारों से वार शुरू कर दिए। रमन से 1 लाख 62 हजार रुपए छीन लिए। इन लोगों ने उसके भाई रमन के सिर में धारदार हथियार से चोट मारी। इसके अलावा आंख, दाईं कलाई व बाजू पर चोटें आईं। तभी वह भी विनोद आदि के साथ वहां पहुंच गया।

# डिप्टी सीएम बोलीं- इकोनॉमिक को मजबूत करने पर होगा काम:अजमेर में कहा- डोटासरा के बयान पर टिप्पणी टाइम वेस्ट करना,सीएम के वर्चुअल प्रोग्राम में की शिरकत

नमस्ते राजस्थान

**अजमेर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से करोड़ों रुपए के विकास कार्य और लोकार्पण की सौगात अजमेर को दी है। इस दौरान अजमेर के जवाहर रंग मंच में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी शामिल हुई। उप मुख्यमंत्रीने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज जन्मदिन है। इस अवसर पर राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कई विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया है। रोजगार मेले के तहत युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए हैं। सड़कों की बदहाल व्यवस्था पर दिया कुमारी ने कहा कि इससे पहले सभी जानते हैं कि 5 साल कांग्रेस की सरकार रह चुकी है। जिस तरीके की सड़क बनाई आज इस भारी बारिश को सड़के झेल नहीं सकी। इसका साफ मतलब है की क्वालिटी का काम नहीं हुआ। हमारी सरकार आई है, तो अब नई सड़कें भी बनेगी और उसकी क्वालिटी पर भी ध्यान दिया जाएगा। राजस्थान सबमिट को लेकर दिया कुमारी ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण सबमिट है। इसे लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जापान और साउथ कोरिया भी गए थे। अलग-अलग अधिकारी प्रदेश और विदेशों में भी जा रहे हैं। जिससे कि ज्यादा निवेश राजस्थान के प्रदेश में पहुंचे और उसे राजस्थान में अपॉर्चुनिटी और रोजगार बड़े। इकोनॉमिक और मजबूत बने इसे लेकर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। पर्ची सरकार के आरोप पर दिया कुमारी ने कहा- उनके बोलने से कुछ नहीं होता। उन्होंने जो राजस्थान की हालत छोड़ी वह सबके सामने है। डोटासरा के बयान पर दिया कुमारी ने कहा कि मैं उनकी किसी भी टिप्पणी पर अपना टाइम वेस्ट नहीं करना चाहती। 5 साल जो उन्होंने राजस्थान की स्थिति छोड़ी आज हम सब जानते हैं। सड़कें टूटी हुई है, या लॉ एंड ऑर्डर हो, कुछ भी सही नहीं है। उन्होंने जो विरासत में हमको दिया वह भी जानते हैं और हम भी जानते हैं। उनको बोलने का भी कोई अधिकार नहीं है।

E-Mail: namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com

## स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ शुभारंभ

# जिला कलक्टर नमित मेहता सहित जनप्रतिनिधियों ने लगाई झाड़ू, श्रमदान कर जिले को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी लाने का दिया संदेश

## सफाई और स्वच्छता को जीवन में संस्कार के रूप में अपनाएं: जिला कलक्टर

## सभी को दिलाई स्वच्छता की शपथ,पेड़ लगाकर हरित भीलवाड़ा का दिया संदेश

नमस्ते राजस्थान

भीलवाड़ा, स्वच्छ भारत मिशन के ह्यह्यस्वच्छता ही सेवाह्लह्ल के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की थीम पर प्रदेश व देश भर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में इस अभियान का शुभारंभ मंगलवार को नेहरू उद्यान से किया गया। एक पखवाड़े चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ विधायक अशोक कोठारी, जिला कलक्टर नमित मेहता, नगर निगम महापौर राकेश पाठक आदि जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने प्राइवेट बस स्टैंड परिसर में साफ सफाई कर झाड़ू निकालते हुए लगभग 45 मिनट श्रमदान कर किया साथ ही आमजन को इस अभियान से जुड़ने का संदेश दिया। अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिला कलक्टर नमित मेहता ने कहा कि ₹स्वच्छता ही सेवा₹ कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई और स्वच्छता को हमारे जीवन में एक संस्कार के रूप में अपनाना है। उन्होंने कहा कि हम अक्सर अपने घरों और दुकानों को साफ रखते हैं, लेकिन वहां से बाहर निकल कर गंदगी फैलाने में संकोच नहीं करते। हमें यह मानसिकता बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान पूरे भारत में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें प्रण लेना होगा कि हम न केवल अपने घरों, दुकानों और आस पडौस को साफ रखेंगे, बल्कि शहर और कस्बों को भी स्वच्छ बनाएंगे।

जिला कलक्टर ने कहा कि हमें गंदगी फैलाने से बचना होगा और गंदगी को फैलने से बचाव के लिए प्रतिष्ठानों सहित विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन रखना होगा। उन्होंने सफाई मित्रों के योगदान की सराहना की और उनका साधुवाद दिया। विधायक अशोक कोठारी ने स्वच्छता तथा सफाई पर जोर देते हुए कहा कि कहा कि स्वच्छता रहेगी तो हम स्वस्थ रहेंगे। महापौर राकेश पाठक ने कहा कि वर्तमान में भारत देश विकसित देशों के समकक्ष खड़ा है। हमें स्वच्छता और सफाई को एक जन आंदोलन के रूप में लेना होगा। उन्होंने इंदौर का उदाहरण देते हुए जिलेवासियों से शहर तथा जिले को स्वच्छ तथा हरित बनाने के लिए आमजन तथा एनजीओ से अपनी जन भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। इससे पूर्व अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने नेहरू उद्यान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर हरित भीलवाड़ा का संदेश दिया।











### दिलाई स्वच्छ भारत मिशन की शपथ

इस दौरान जिला कलक्टर ने सभी को स्वच्छ भारत मिशन की शपथ दिलाई। महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। जिला कलक्टर ने सभी को स्वच्छता के प्रति सजग रहने और उसके लिए हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करने, न गंदगी करने न किसी और को करने देने की शपथ दिलाई । इसकी शुरूआत सबसे पहले स्वयं से, परिवार से, मोहल्ले से, गांव से एवं कार्यस्थल से करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान एडीएम प्रशासन रतन कुमार, सीईओ जिला परिषद चंद्रभान सिंह भाटी, उपमहापौर रामलाल योगी, नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी सहित पार्षद, सफाई मित्र, नगर निकाय के अधिकारी कर्मचारी तथा आमजन मौजूद रहे।

## संयम लोढ़ा का भाजपा सरकार पर हमला:पिकअप गाड़ी में मजदूरों के शव एक साथ भेजने पर की निंदा

नमस्ते राजस्थान


**सिरोही।** सिरोही में रविवार रात सड़क हादसे में मृतकों के शवों को पिकअप में ले जाने को लेकर पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने एक वीडियो सोशल साइट पर शेयर कर पिकअप गाड़ी में मजदूरों के शव एक साथ भेजने पर भाजपा सरकार की निंदा की। पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने कहा कि रविवार की रात पिंडवाड़ा के पास सड़क दुर्घटना में मृत 8 व्यक्तियों के शव को पिकअप में डालना भाजपा सरकार के घड़ियाली चरित्र का एक निकृष्ट उदाहरण है। यह सभी हमारे आदिवासी भाई हैं, कोई जानवर नहीं हैं। राज्य सरकार शव वाहिनी या एंबुलेंस की व्यवस्था कर इन गरीब मजदूरों के शवों को उनके घर भेज सकती थी। इस तरह पिकअप गाड़ी में मजदूरों के शव भेजने पर इस भाजपा सरकार की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। रविवार रात करीब साढ़े 8 बजे उदयपुर-पालनपुर फोरलेन स्थित कांटल पुलिया के पास सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में दो बच्चे और दो महिलाओं सहित आठ लोग शामिल थे। पुलिस ने दोपहर बाद शव के पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए। परिजन जिन्हें पिकअप गाड़ी में लेकर उदयपुर की ओर रवाना हो गए।



## जलदाय विभाग के इंजीनियर के घर मिले 55 लाख:बिल पास करने के लिए मांगा था 3 कमीशन, ढाई लाख रिश्वत लेते एसीबी ने पकड़ा

नमस्ते राजस्थान

अलवर। अलवर में जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता (एक्सईएन) दिव्यांक त्यागी को जयपुर एसीबी की टीम ने सोमवार को ढाई लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। इसके साथ ही भरतपुर एसीबी टीम ने त्यागी के अलवर के अंबेडकर नगर में ऋ ब्लॉक स्थित घर पर शाम को छापा मारा। जानकारी के अनुसार, कार्रवाई के दौरान 55 लाख रुपए से अधिक नोट गिने जा चुके हैं। उसके कमरे में बेड, बैग और थैलियों में नोट मिले हैं। टीम से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह रिश्वत एक ठेकेदार का बिल पास करने के एवज में ली गई थी। इसकी शिकायत पर सोमवार शाम जयपुर और भरतपुर की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की।



### ठेकेदार की गाड़ी में रुपए लेते पकड़ा

जयपुर एसीबी टीम के एडिशनल एसपी बलराम मीणा ने बताया- ठेकेदार विजय कुमार का करीब सवा करोड़ रुपए के बिलों का भुगतान बाकी था। इसमें एक्सईएन 3 प्रतिशत कमीशन मांग रहा था। 14 सितंबर को इसकी शिकायत मिलने पर एसीबी ने मामले की पुष्टि करवाई। एक्सईएन पहले डेढ़ लाख रुपए ले चुका था। इसके बाद शिकायतकर्ता को एक्सईएन ने अंबेडकर नगर बस स्टैंड के पास बुलाया। एक्सईएन स्कूटी से आया। फिर ठेकेदार की गाड़ी से बैठ गया। यहां से एसीबी ने उसे रिश्वत के एक लाख रुपए लेते हुए अरेस्ट कर लिया। एक्सईएन के घर से बड़ी रकम जब्त की है। जल्द रकम का खुलासा किया जाएगा।

### ठेकेदार का बिल पास करने की एवज में मांगी रिश्वत

एक्सईएन दिव्यांक त्यागी कई साल से अलवर में कार्यरत है। नए जिले बनने से पहले उसके पास भिवाड़ी तक का चार्ज था। लेकिन, अब उमरैण और मालाखेड़ा क्षेत्र का चार्ज है। ठेकेदार का बिल पास करने की एवज में उसने 3 परसेंट कमीशन मांगा था। फिर एक्सईएन ने कहा कि ढाई लाख रुपए दोगे, तो तुम्हारा काम हो जाएगा। बता दें कि एक्सईएन की पत्नी विभा भी जलदाय विभाग में अएठ है।

# धार्मिक जुलूस में तिरंगे का अपमान करने पर तीन गिरफ्तार आयोजक और दो अन्य को पकड़ा,नाबालिगों की पहचान

नमस्ते राजस्थान

**कोटा।** धार्मिक जुलूस में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के मामले में आयोजक और 2 अन्य को गिरफ्तार किया गया है। दो नाबालिगों की भी पहचान की गई है। मामला कोटा शहर के अनंतपुरा क्षेत्र में सोमवार को निकाले गए जुलूस का है। सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया- जांच के बाद राष्ट्रीय ध्वज को विरूपित करने और धर्म विरोध की भावना आहत करने वाले आरोपी अमन अली उर्फ अमन मसाला (20) निवासी चिश्तिया मस्जिद के पीछे तलाब गांव अनंतपुरा व अमन नाई (19) निवासी सुन्नी चौक अनंतपुरा को धारा 299 बीएसएन व धारा 2 राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 में गिरफ्तार किया है। वहीं जुलूस आयोजक अशफाक (50) निवासी मस्जिद के पास तलाब गांव अनंतपुरा को धारा 299, 61(2)बीएसएन व धारा 2 राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 में गिरफ्तार किया है। दो नाबालिगों की भी पहचान की है।

### ये था मामला

डीएसपी वृत्त चतुर्थ मनीष शर्मा सोमवार को धार्मिक जुलूस के दौरान सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें अज्ञात व्यक्तियों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा पर अशोक चक्र के दोनों तरफ चांद तारे छापकर लहराया। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज पर आपत्तिजनक चित्र चांद तारे के चित्रण कर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया गया जो धारा 2 राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 का अपराध घटित होना पाया गया। जिस पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। बता दें मामला सामने आने के बाद हिंदू संगठन के सदस्य सोमवार शाम साढ़े 5 बजे करीब अनंतपुरा थाने पहुंचे थे। करीब ढाई घंटे तक थाने के बाहर धरना दिया। आयोजक व संस्था के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।। कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा भी थाने पहुंचे। घटना को लेकर जानकारी ली।



## चिंतन

# सौ दिनों में उम्मीदों पर खरी उतरी मोदी-3 सरकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो गए हैं। पहले और दूसरे कार्यकाल से अलग इस बार पीएम मोदी के सामने कई तरह की चुनौनियां भी दिखाई दी। इसके बावजूद सरकार के कार्यकाल को कमतर नहीं आंका जा सकता। 4 जून को जब लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आए तो सवाल उठे कि पूर्ण बहुमत नहीं होने से पीएम मोदी का अंदाज अब वैसा नहीं रहेगा। यह बात बिल्कुल सही थी कि बीजेपी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला और बहुत कुछ सहयोगियों पर निर्भर हो जाता है, लेकिन सरकार ने इन सौ दिनों में बेहतर प्रदर्शन किया। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने, रूस और यूक्रेन जाकर पीएम मोदी ने यह भी बता दिया कि सरकार की विदेश नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। सरकार ने इन 100 दिनों में 15 लाख करोड़ रुपये की योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं को 14 स्तंभों में बांटा है। इन्फ्रास्ट्रक्चर में 3 लाख करोड़ की परियोजनाएं शुरू कीं। बधावन में मेगा पोर्ट बनेगा। वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट, पश्चिम बंगाल में बागडोगरा, बिहार में बिहटा एयरपोर्ट, अगत्ती मिनिकॉय में नई एयर स्ट्रिप बनाकर पर्यटन को बढ़ावा दिया गया है। बेंगलुरु मेट्रो, पुणे मेट्रो, ठाणे इंटीग्रेटेड रिंग मेट्रो और कई मेट्रो प्रोजेक्ट भी लॉन्च किए गए। युवाओं के लिए 2 लाख करोड़ के पीएम पैकेज की घोषणा की गई है। एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के मौके, भत्ते और एकमुश्त सहायता राशि दी जाएगी। केंद्र सरकार ने कई हजार नियुक्तियों का ऐलान किया है। मिडिल क्लास को भी 100 दिनों में कई राहतें दी गई हैं। अब 7 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। वन रैंक वन पेंशन का तीसरा वर्जन लागू कर दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर बनाए जाने हैं। जिनमें 1 करोड़ घर शहरी इलाकों में और 2 करोड़ घर ग्रामीण इलाकों में बनेंगे। तीसरे कार्यकाल में मजबूत होते विपक्ष का दबाव कहीं न कहीं दिखाई भी पड़ रहा है। सरकार को कुछ मौकों पर कदम भी पीछे खींचने पड़े हैं। सरकार के पीछे हटने का पहला मामला अगस्त की शुरुआत में सामने आया, जब वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया। इसके तुरंत बाद प्रसारण सेवा विधेयक वापस कर लिया। सरकार ने नवंबर 2023 में डिजिटल और अन्य मीडिया के नियमन को कड़ा करने के उद्देश्य से एक मसौदा प्रकाशित किया था। उसके बाद अगस्त के ही महीने में सरकार ने सिविल सेवा के बाहर के लोगों से वरिष्ठ नौकरशाही पदों के लिए आवेदन मांगने वाले एक विज्ञापन को वापस ले लिया। इस विज्ञापन पर भी काफी हंगामा हुआ। विपक्ष की ओर से यह कहा गया कि उसकी ओर से उठाए गए सवाल के बाद सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए। वहीं, सरकार के सामने जाति जनगणना का मुद्दा है, जिसे विपक्ष लगातार उठा रहा है। सरकार ने जनगणना करवाने का ऐलान तो कर दिया है, लेकिन जाति जनगणना पर अभी रुख साफ नहीं किया है। वैसे इसकी उम्मीद भी नजर नहीं आ रही। इन सौ दिनों में आज देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा मजबूत है। इकोनॉमी सभी 14 पैमानों पर खरी उतरी है। इकोनॉमी में रीढ़ दिखाई देती है, लेकिन अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। सबसे बड़ा मुद्दा तो खेती किसानी को फायदे का सौदा कैसे बनाया जाए, इस पर धन देने की जरूरत है। बेरोजगारी पर भी तत्काल नकेल कसना बहुत जरूरी है। आम आदमी का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए सरकार ने बहुत प्रयास किए हैं, लेकिन अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है।



## कृषि
डॉ. अश्विनी महाजन

# जीएम पर नीति बनाना आसान नहीं

न्यायालय ने सरकार को जीएम पर एक नीति तैयार करने का निर्देश दिया है। किसी भी तरह से, एक ऐसा मुद्दा जिसने देश और दुनिया में पिछले 25 साल से भी अधिक समय से भारी बहस और गर्माहट पैदा की है, जहां विशेषज्ञ विभाजित हैं, लोग न केवल चिंतित हैं, बल्कि जीएम के दुष्प्रभावों के कारण डरे हुए हैं। जहां एक मजबूत नियामक तंत्र का पूर्ण अभाव है, जहां सर्वोच्च न्यायालय स्वयं नियामक तंत्र की कमी के कारण इस जीएम के पक्ष में निर्णय देने के लिए तैयार नहीं है, जीएमओ के मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए सुरक्षित होने के भी सबूत नहीं हैं, ऐसे में कम संभावना है कि सरकार 4 महीने में जीएम पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार करने का यह कार्य पूरा कर पाएगी।

हाल ही में, भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भारत में आनुवंशिक रूप से संशोधित यानी जेनेटिक मोडिफाईड (जीएम) फसलों की व्यावसायिक खेती के संबंध में एक विभाजित निर्णय दिया। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने अनुमोदन प्रक्रिया में खामियों और पर्यावरण और स्वास्थ्य प्रभावों पर पर्याप्त विचार की कमी का हवाला देते हुए जीएम सरसों की व्यावसायिक बिक्री और पर्यावरण रिलीज के खिलाफ फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति करोल ने फील्ड ट्रायल जारी रखने का समर्थन किया, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि उन्हें सख्त सुरक्षा उपायों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। जीएम फसलों की व्यावसायिक खेती के संबंध में यह मामला (सुमन सहाय और अरुणा रोड्रिग्स और अन्य बनाम भारत सरकार एवं अन्य) वर्ष 2004 से सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, लेकिन जीएम फसलों के पैरोकार जीएमओ की व्यावसायिक रिलीज के लिए अदालत की मंजूरी अभी तक नहीं ले पाए।

इस मामले से एक नहीं, बल्कि कई विवादास्पद मुद्दे जुड़े हैं, जिन पर अदालत इतने लंबे समय से निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाई है। 23 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया विभाजित निर्णय एक बार फिर इस मामले की जटिलताओं को दर्शाता है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह इस नीति को तैयार करने के लिए 4 महीने के भीतर सभी हितधारकों और विशेषज्ञों से परामर्श करे। साथ ही पीठ ने मामले को उचित पीठ द्वारा आगे के निर्णय के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया है। हालांकि न्यायालय ने सरकार को विभिन्न हितधारकों और विशेषज्ञों के साथ परामर्श के बाद 4 महीने के भीतर जीएम पर एक नीति तैयार करने का निर्देश दिया है। किसी भी तरह से, एक ऐसा मुद्दा जिसने देश और दुनिया में पिछले 25 साल से भी अधिक समय से भारी बहस और गर्माहट पैदा की है, जहां विशेषज्ञ विभाजित हैं, लोग न केवल चिंतित हैं, बल्कि जीएम के दुष्प्रभावों के कारण डरे हुए हैं। जहां एक मजबूत नियामक तंत्र का पूर्ण अभाव है, जहां सर्वोच्च न्यायालय स्वयं नियामक तंत्र की कमी के कारण इस जीएम के पक्ष में निर्णय देने के लिए तैयार नहीं है, जीएमओ के मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए सुरक्षित होने के भी सबूत नहीं हैं, यह बहुत कम संभावना है कि सरकार 4 महीने में जीएम पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार करने का यह कार्य पूरा कर पाएगी।

यह पहली बार नहीं है कि जीएम फसलों के लिए परामर्श तंत्र अपनाया जा रहा है। इससे पहले, यूपीए सरकार के दौरान बीटी बैंगन के वाणिज्यिक विमोचन के संबंध में तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्री जयराम रमेश के साथ सार्वजनिक सुनवाई हुई थी। इन सार्वजनिक सुनवाई के अंत में, मंत्री जयराम रमेश ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए बीटी बैंगन के वाणिज्यिक रिलीज़ पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को हितधारकों और विशेषज्ञों के परामर्श आयोजित करने का निर्देश दिया है, महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इन परामर्शों की संरचना क्या हो सकती है। ऐसे कई मुद्दे हैं जिन पर ये परामर्श हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की तकनीकी विशेषज्ञ समिति द्वारा कई विवादास्पद मुद्दों को लंबे समय से सूचीबद्ध किया गया है, जो परामर्श प्रक्रिया का आधार बन सकते हैं और



निष्कर्ष पर पहुंचने में मदद कर सकते हैं। सबसे पहला मुद्दा, जिस पर विशेषज्ञों के बीच आम सहमति का अभाव है, वह जीएम फसलों की उच्च उत्पादकता का दावा है। सरकार का दावा है कि डीएमएच 11 को अपनाने से आयात पर निर्भरता कम करने और डीएमएच 11 की अधिक उत्पादकता के कारण किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल सकती है। जबकि डीएमएच 11 के डेवलपर (अनुसंधानकर्ता) के अनुसार भी इसकी उत्पादकता 2200 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से अधिक नहीं है, देश में सरसों की कई अन्य संकर किस्मों की अपेक्षित उपज 2500 किलोग्राम से 4000 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर तक है।

भारतीय सरसों और रेपसीड संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. धीरज सिंह के एक शोध पत्र के अनुसार, राजस्थान में किसानों द्वारा उगाई गई किस्मों आरएस 1706, आरएच 1424 और आरएच 725 की उत्पादकता क्रमशः 2613 किलोग्राम, 2604 किलोग्राम, 2642 किलोग्राम है। विवाद का दूसरा मुद्दा बौद्धिक संपदा अधिकारों का है। किसान संगठनों को चिंता है कि एक बार जीएमओ अपनाने के बाद, बीज पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों का एकाधिकार हो जाएगा और किसानों पर बीजों पर रॉयल्टी के रूप में बोझ बढ़ जाएगा। उनकी आशंकाएं बेवजह नहीं हैं। हम देखते हैं कि किसानों को असफल बीटी कपास के बीज के लिए भी बहुत अधिक कीमत (लगभग 8000 करोड़ रुपये) चुकानी पड़ी, क्योंकि बीटी कपास के बीज की कीमत का एक बड़ा हिस्सा विशेषता शुल्क था। वर्तमान डीएमएच 11 बीज को, हालांकि स्वदेशी के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, उसमें भी बायर कंपनी की प्रौद्योगिकी के कुछ गुणों का उपयोग किया गया है, जिसके कारण बौद्धिक संपदा का विषय किसान हितों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। तीसरा महत्वपूर्ण मुद्दा अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर उनका प्रभाव है। जबकि जीएम के समर्थक बिना किसी वैध तर्क के दावा करते हैं कि इससे आयातित खाद्य तेलों पर हमारी निर्भरता कम हो जाएगी (यदि डीएमएच11 को अनुमति दी जाती है), तथ्य यह है कि खाद्य फसलों में जीएम अपनाने के बाद हम अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भी अपना लाभ खो सकते हैं। आज, हम, हमारे गैर जीएम टैग के कारण, लगभग 54 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के खाद्य उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। एक बार जब खाद्य पदार्थों में जीएम की अनुमति दे दी जाती है, तो हम इस महत्वपूर्ण लाभ को खो देंगे, क्योंकि आयात करने वाले देश, जहां जीएम की अनुमति नहीं है, भारतीय खाद्य आयातों पर प्रतिबंध लगा सकते हैं।

चौथा विवादास्पद मुद्दा जीएम बीजों के भारतीय खाद्य और आयुर्वेद पर प्रभाव के बारे में है। जीएम फसलें खाद्य पदार्थों की उपलब्धता को बदल देती हैं, जो हमारे भोजन का आवश्यक हिस्सा हैं। पांचवां मुद्दा शाकनाशी सहिष्णुता है। यह उल्लेखनीय है कि लगभग 88 प्रतिशत जीएम फसलों को शाकनाशी (हरबिसाइड) सहनशील बनाया गया है। इसका मतलब है, जीएम फसलें आम तौर पर शाकनाशियों के उपयोग को बढ़ाती हैं, जिससे विषाक्तता बढ़ जाती है। लगभग सभी प्रमुख शाकनाशी कैंसरकारी साबित हुए हैं। कई अन्य बिंदु शामिल हैं, जिन पर विचार किए बिना हम इस विषय पर एक समझपूर्ण नीति बनाने के अपने कर्तव्य में विफल हो सकते हैं। इन मुद्दों में बीज संप्रभुता पर प्रभाव, जैव विविधता पर प्रभाव, उपभोक्ता संरक्षण और विकल्पों पर प्रभाव, खाद्य सुरक्षा, खाद्य संप्रभुता और पोषण सुरक्षा पर प्रभाव, स्वतंत्र परीक्षण का अभाव और खरपतवारनाशकों के प्रति सहनशील जीएमओ के उपयोग से संबंधित सामाजिक-आर्थिक विचार और मधुमक्खियों पर इनके दुष्प्रभाव शामिल हैं।

## चेतना
उमेश चतुर्वेदी



# सांस्कृतिक संकट से मुकाबले की कवायद में वनवासी समाज

भारतीय जनजातीय समाज विकास की आधुनिक अवधारणा के हिसाब से पिछड़ा है, आधुनिक शिक्षा से दूर है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह चेतन नहीं है और उसकी सोच पिछड़ी है। ज्ञान की आधुनिक अवधारणा के हिसाब से भले ही वह पिछड़ा है, लेकिन ऐसा नहीं कि वह समाज ज्ञानवान नहीं है। प्रकृति, अपनी संस्कृति और अपने परिवेश को लेकर जितना वह समाज सचेत है, शायद ही नागर समाज भी उतना हो। जनजातीय समाज के इन गुणों, विशेषताओं और आधुनिक समाज से उसके तालमेल को बढ़ाने में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम 72 वर्षों से प्रयासरत है। आश्रम हर तीन वर्षों पर अखिल भारतीय स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन करा रहा है। इसी कड़ी के तहत इस बार हरियाणा के समालखा में तीन दिनों के लिए जनजातीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हो रहा है, जो 20 से 22 सितंबर तक चलेगा। इस कुंभ में देशभर की सत्तर जनजातियों के करीब दो हजार प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। जिसमें हर इलाके की जनजातीय संस्कृति की झलक होगी। जनजातीय समूह किस तरह अपने जीवनयापन के लिए जल, जंगल और जमीन पर निर्भर है, इस कार्यकर्ता सम्मेलन में इसे भी प्रदर्शित किया जाएगा। जनजातीय समाज किस तरह भारतीय और विशेषकर सनातन पद्धति और परंपरा से जुड़ा हुआ है, उसे हर बार प्रदर्शित किया जाता है। लेकिन वनवासी कल्याण आश्रम का मानना है कि भारत आजकल सांस्कृतिक संकट के दौर से गुजर रहा है।

मौजूदा दौर में सांस्कृतिक स्तर पर आस्था पर लगातार संकट बढ़ रहा है। विशेषकर सनातनी आस्था पर चोट पहुंचाने और उसे दरकाने की कोशिश तेज हो गई है। आस्था की हानि संस्कृति की हानि है और संस्कृति की हानि पहचान की हानि है। इसका मतलब यह है कि आस्थाओं पर चोट पहुंचाकर विदेशी ताकतें भारतीय संस्कृति और पहचान पर चोट पहुंचा रही हैं। यही वजह है कि इस बार जनजातीय समाज के कार्यकर्ता सम्मेलन में इसी संकट को जताने-बताने और भारतीय समाज को इस संदर्भ में सचेत करने की कोशिश की जा रही है। बेशक पूरी दुनिया के हिंदू समाज में हर देवी-देवता के अपने विशेष पूजा-अर्चन विधान हैं। लेकिन यह भी सत्य है कि हर समाज ने इन पूजा विधानों में अपनी परंपरा विकसित कर ली है। हर इलाके में पूजा के लिए स्थानीय जरूरतों और मजबूरियों की वजह से अपने-अपने परिधानों की भी व्यवस्था बना ली है। स्थानीय प्रभाव में पूजा की स्थानीय स्तर पर उपलब्ध प्रसाद सामग्री के चयन का विधान भी है। कुछ इसी तरह देश के हर वनवासी समुदाय की अपनी-अपनी पूजा पद्धति है। एक तरह से ये पद्धतियां देश की बहुरंगी संस्कृति का प्रतीक हैं। समालखा के सम्मेलन के आखिरी दिन शाम को हर वनवासी समुदाय अपनी-अपनी पूजा पद्धतियों से अपने देवी-देवों की पूजा करेगा। करीब सत्तर समुदायों के लोगों की अपनी-अपनी पूजा पद्धतियों का एक साथ दर्शन वहां अलौकिक अनुभव का माध्यम बनेगा। एक तरह से कह सकते हैं कि जल, जंगल और जमीन से सीधे जुड़े सहज भावुक समाज की सज्जनता और पारंपरिक पूजा विधान एक तरह से अनूठे दृश्य रचने जा रहे हैं। सांस्कृतिक संकट से जूझने के लिए यह पूजा समारोह कितना महत्वपूर्ण है, इसी तथ्य से समझा जा सकता है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी इस पूजा समारोह में हिस्सा लेने वाले हैं। जनजातीय पूजा की एक विशेषता यह है कि वह निजी नहीं, बल्कि सामूहिकता पर ज्यादा जोर देती है। छत्तीसगढ़ के जशपुर से बहत्तर साल पहले वनवासी कल्याण आश्रम को बाला साहब देशपांडे ने जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने और उनकी ज्ञान परंपरा और संस्कृति से दुनिया को परिचित कराने के साथ ही वनवासी समुदाय के सामूहिक नेतृत्व को उन्हीं के बीच से उभारने के लिए शुरू किया था। इस यात्रा में वनवासी कल्याण आश्रम ने जो बड़ा काम किया है, वह है धर्मांतरण पर लगाम लगाना। ईसाई मिशनरियों का वनवासी समाज सहज निशाना रहा है। आश्रम मिशनरियों के इस नापाक उद्देश्य की राह में बड़ी बाधा बनकर उभरा है। आश्रम ने जनजातीय समाज से ही नेतृत्व को उभारने की बड़ी कोशिश की है। वनवासी समाज की सर्वांगीण उन्नति हो, वह सुसंगठित हो, राष्ट्रीय एकता के भाव पुष्ट हो, उनमें से ही सुयोग्य नेतृत्व विकसित हो, अपने विकास कार्यों की देखरेख करें और वनवासी समाज की अपनी समस्याओं का समाधान खोजे, इस उद्देश्य को लेकर वनवासी कल्याण आश्रम करीब पचास हजार गांवों करीब 13 सौ पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के दम पर जुटा हुआ है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित
### दर्शन

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएं ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है।

## कभी अपने बल पर घमंड न करें



संकलित
### प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ओजोन सुरक्षित तो हम सुरक्षित

ओजोन के संरक्षण के लिए ही 19 दिसंबर 1964 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 16 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस मनाने की घोषणा की थी। संयुक्त राष्ट्र और दुनिया के लगभग 45 देशों ने ओजोन परत को खत्म करने वाले पदार्थों पर मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर 16 सितंबर 1987 को हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद पहली बार 1995 को विश्व ओजोन दिवस मनाया गया और इसके बाद से हर साल यह दिन मनाया जाता है। कुदरत का अनमोल तोहफा स्वर्ग जैसी धरती और धरती के संरक्षण के लिए कुदरत ने बहुत कुछ हमें दिया है। इसी तोहफे में से एक है ओजोन परत। ओजोन परत का संरक्षण उसी तरह जरूरी है, जिस तरह हम बीमारियों से बचने के लिए अपने स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं। *- चंदन साहू, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर चिंतित हैं चीन, रूस


अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा कि चीन और रूस, भारत-अमेरिका के मजबूत होते संबंधों को लेकर चिंतित हैं क्योंकि ये संबंध समाज में विविध आवाजों को महत्व देने के साथ ही समावेशिता, शांति और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देते हैं। प्रबंधन और संसाधन के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने प्रतिष्ठित 'हडसन इंस्टीट्यूट' में भारत-अमेरिका संबंध पर टिप्पणियां करने के बाद एक सवाल पर कहा, 'आपको क्या लगता है कि चीन और रूस इस साझेदारी को लेकर इतने चिंतित क्यों हैं? क्योंकि हम दुनिया के बाकी हिस्सों में जीवन का ऐसा रूप पेश करते हैं, जो समावेशिता, शांति, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान, कानून के शासन के बारे में है और यह समाज में हर किसी की आवाज सुनने के बारे में है।' वर्मा ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध अमेरिका के कुछ विरोधियों के तौर-तरीकों से 'बहुत अलग हैं।' उन्होंने कहा कि इसी विशिष्टता के कारण राष्ट्रपति जो बाइडन ने दोनों देशों के बीच रिश्तों को 'इस सदी का निर्णायक संबंध' बताया है। 'क्वाड' पर एक सवाल के जवाब में वर्मा ने कहा कि इसका उद्देश्य शांति, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देना है। अमेरिकी राजनयिक ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह समान विचारधारा वाले देशों के बारे में है।'



## ऑफ बीट

# दुनिया की आधी बड़ी झीलों में हो रहा पानी कम

दुनिया में 50 प्रतिशत से अधिक बड़ी झीलों में पानी की कमी हो रही है और इसकी प्रमुख वजहों में गर्म जलवायु और मानव उपभोग प्रमुख हैं। इस अध्ययन के प्रमुख लेखक अमेरिका के वर्जीनिया विश्वविद्यालय के फांगफैंग याओ हैं। याओ ने कहा कि यह अध्ययन उपग्रहों और 'मॉडल' की एक श्रृंखला के आधार पर दुनिया भर की झीलों में जल भंडारण में परिवर्तन के रुझानों पर पहला व्यापक आकलन है। कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के बीच अरल सागर के सूखने जैसे पर्यावरणीय संकट के सामने आने के बाद याओ और उनके सहयोगियों ने यह अध्ययन किया। उनके सहयोगियों में अमेरिका के कोलोराडो बोल्डर विश्वविद्यालय और कंसास विश्वविद्यालय के अलावा फ्रांस और सऊदी अरब के अध्ययनकर्ता भी शामिल थे। अध्ययन दल ने दुनिया की करीब 2000 सबसे बड़ी झीलों तथा जलाशयों के जलस्तर में हुए बदलाव पर गौर किया। पृथ्वी पर कुल झील जल भंडारण का 95 प्रतिशत हिस्सा इन 2000 जलाशयों में है। अध्ययन दल ने 1992 से 2020 के बीच उपग्रहों द्वारा ली गयी करीब ढाई लाख तस्वीरों का उपयोग किया और इस तरीके से दल ने सबसे बड़ी झीलों में से 1,972 जलाशयों के क्षेत्र का सर्वेक्षण किया।



## ट्रेंड

### पीएम आवास योजना



पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के साथ चाय पर उनकी जीवन यात्रा को सुना। इस योजना से महिलाओं को लाभान्वित होते देख विशेष प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने बताया कि कैसे यह योजना और ऐसी अन्य योजनाएं जीवन बदल रही हैं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### भारत का गौरव



एक छोटे से गांव के गरीब परिवार में जन्म लेकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री बनने वाले मोदी जी को 15 राष्ट्रों ने अपना सर्वोच्च पुरस्कार देकर उनका और भारत का गौरव बढ़ाया है।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### इस्तीफा देना पैंतरेबाजी



अरविन्द केजरीवाल द्वारा सीएम पद से अब इस्तीफा देना वास्तव में जनहित से दूर इनकी राजनीतिक पैंतरेबाजी, किन्तु उनके जेल में रहने के कारण दिल्ली की जनता ने जो असुविधाएं व समस्याएं झेली हैं उसका क्या? उसका हिसाब कौन देगा?
**-मायावती, बसपा सुप्रीमो**

### सिनेमा 2024 का जश्न



दर्शकों द्वारा पसंद किए जाने वाले जिन अभिनेताओं को दर्शक पसंद करते हैं, उन्हें बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचना होगा। 18,19 व 20 सितंबर को व्हिस्लिंगवुड्स इंटरनेशनल में सिनेमा 2024 का जश्न मना रहा है।
**-सुभाष घई, फिल्म निर्देशक**

संपादकीय

# सीएम बोले-पेपरलीक में 2 पकड़ते हैं,4 और आ जाते हैं: लोग कहते हैं मुरलीवाला काम नहीं करता; जिसमें काम करने का जज्बा, ईश्वर उसी के साथ





**जयपुर।** राजस्थान में आज 8 हजार सरकारी कर्मचारियों को एक साथ नियुक्त पत्र बांटे गए। जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सीएम भजनलाल शर्मा ने कुछ नए कर्मचारियों से वर्चुअली बात भी की। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- मुझसे कहा गया था कि आप 4 लाख नौकरियां कहां से देंगे। अभी तक हम 41 हजार नौकरियां दे चुके हैं। हम चार लाख से ज्यादा सरकारी नौकरियां देंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमने बजट में जो भी घोषणा की है, उसे धरातल पर उतार रहे हैं। हमारे पास जिस पार्टी के विधायक की मांग आई, उसे हमने पूरा किया। मुख्यमंत्री ने कहा- कई लोग तो ये कहते हैं कि मुरलीवाला, बंसीवाला काम नहीं करता है। उनके चित्रों से काम थोड़ी चलता है। वे मुरली वाले को मानते ही नहीं है। हम तो सनातनी हैं, ?इसलिए मुरलीवाले को बहुत कुछ मानते हैं। जिसमें काम करने का जज्बा होता है, तो ईश्वर उसी का साथ देता है। सीएम ने कहा- पूर्ववर्ती सरकार ने युवाओं के साथ जो अन्याय किया, उसके दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं। स्थिति ये हो रही है कि 2 को पकड़ते हैं, चार और आ जाते हैं। अब आप देख रहे हो ना, हम मगरमच्छ की तरफ बढ़ रहे हैं और वे हाथ भी आ गए हैं।

### सीएम ने हाल पूछा तो रेडियोग्राफर ने कहा- आप बताइए

बिड़ला ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बालोतरा के एक रेडियोग्राफर रणवीर कटारिया से हाल पूछा तो कटारिया ने भी पलटकर सीएम का हाल पूछ लिया। रेडियोग्राफर की इस हाजिर जवाबी पर बिरला ऑडिटोरियम ठहाके से गूंज गया। सीएम भी बिना मुस्कुराए नहीं रह पाए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मां वाउचर योजना की शुरुआत की भी शुरुआत की। सीएम ने दो प्रेग्नेंट महिलाओं को सोनोग्राफी जांच के फ्री कूपन देकर इसकी शुरुआत की। वहीं, सफाई कर्मचारियों के लिए नमस्ते और किसानों को दिन में बिजली देने की योजना शुरू की गई है। जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में हुए राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव कार्यक्रम में हेल्थ मिनिस्टर गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि सीएम नामुमकिन काम को भी मुमकिन कर देते हैं। राजस्थान में अब इतनी बिजली बन रही है कि आने वाले दिनों में कोई राजस्थानी से हाथ मिलाएगा तो 440 वोल्ट का झटका लगेगा।

## पीएम मोदी ने साधा राहुल गांधी पर निशाना

# देश को बदनाम करने का मौका नहीं छोड़ रहे सत्ता के भूखे लोग

**अहमदाबाद ▪ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को आरोप लगाया कि नफरत और नकारात्मकता से भरे कुछ लोग देश को बदनाम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा विदेश में दिए गए कुछ बयानों को लेकर उठे राजनीतिक विवाद के बीच आईहै। मोदी ने अहमदाबाद में भुज-अहमदाबाद 'नमो भारत' रैपिड रेल, पहली वंदे भारत मेट्रो सेवा और पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने सहित 8,000 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया।



मोदी ने एक सभा को संबोधित करते हुए नाम लिए बिना कहा कि वे (विपक्ष) तुष्टिकरण की राजनीति के लिए किसी भी सीमा को पार कर सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''सत्ता के भूखे कुछ लोग देश को बांटने के इरादे से भारत की एकता और अखंडता को निशाना बना रहे हैं। नफरत से भरे लोग भारत और गुजरात को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। 'आपने सुना है कि वे जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहते हैं, वे (चुनाव वाले) जम्मू कश्मीर में दो संविधान और दो कानून वापस लाना चाहते हैं। जब हर भारतीय देश को आगे ले जाने का प्रयास कर रहा है, तब नकारात्मकता से भरे कुछ लोग देश की एकता और अखंडता को नष्ट करना चाहते हैं। वे देश को बांटना चाहते हैं।

### मेरा मखौल उड़ाया

प्रधानमंत्री ने कहा, भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में, विपक्ष ने उनका मखौल उड़ाया, उनका उपहास और अपमान किया। ''लोग मेरी चुप्पी से हैरान थे कि मोदी क्या कर रहा है, क्यों चुप है? इतना मजाक हो रहा है, इतना अपमान हो रहा है, लेकिन मेरे गुजरात के भाइयों बहनों, ये सरदार पटेल की भूमि से पैदा हुआ बेटा है। हर मजाक और हर अपमान को सहते हुए एक प्रण लेते हुए 100 दिन मैं आपके कल्याण के लिए नीति बनाने में जुटा रहा। मैंने लोगों के लिए खुद को बलिदान करने का फैसला किया है। अगर मैं जीता हूं, तो आपके लिए जीता हूं, अगर मैं संघर्ष करता हूं, तो आपके लिए संघर्ष करता हूं और अगर मैं खुद को बलिदान करता हूं, तो यह आपके लिए होगा।

## शार्ट न्यूज

### हतोत्साहित कर सकती हैं सीबीआई पर टिप्पणियां



**नई दिल्ली।** सीबीआई पर पिंजरे में बंद तोता टिप्पणी के लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि निर्वाचन आयोग तथा जांच एजेंसियों सहित संस्थाएं कठिन परिस्थितियों में अपना कर्तव्य निभाती हैं और एक टिप्पणी उन्हें 'हतोत्साहित'कर सकती है। किसी को भी देश के संस्थानों के बारे में 'अत्यंत सचेत'रहना होगा जो मजबूत हैं और उचित नियंत्रण एवं संतुलन के साथ कानून के शासन के तहत स्वतंत्र रूप से काम कर रहे हैं।

### सीतारमण करेंगी एनपीएस वात्सल्य योजना का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 18 सितम्बर को एनपीएस वात्सल्य योजना का शुभारंभ करेंगी।



कार्यक्रम में स्कूली बच्चे भी शामिल होंगे। सीतारमण इस अवसर पर एनपीएस वात्सल्य की सदस्यता लेने के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की शुरुआत करेंगी, योजना विवरणिका जारी करेंगी और नए नाबालिग ग्राहकों को पीआरएएन कार्ड वितरित करेंगी। एनपीएस वात्सल्य कार्यक्रम पूरे देश में लगभग 75 स्थानों पर एक साथ आयोजित किए जाएंगे।

### राहुल की जीभ काटने वाले को 11 लाख दूंगा : गायकवाड़



**मुंबई।** शिंदे की शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ ने राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपए देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में उन्होंने झूठ फैलाकर वोट लिए और अमेरिका में उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर ने जो आरक्षण दिया था, उसे खत्म कर देंगे।

### आज आप विधायक दल की बैठक, तय होगा नया सीएम



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक दल की बैठक मंगलवार सुबह 11:30 बजे होगी। इस बैठक में नए मुख्यमंत्री ने नाम पर मुहर लगेगी। अरविंद केजरीवाल शाम 4:30 बजे दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलेंगे। वह उन्हें अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक केजरीवाल इस्तीफे के साथ ही एलजी को विधायक दल के नेता का नाम और समर्थन की चिट्ठी सौंपेंगे। इससे पहले सोमवार को पीएसी की बैठक हुई ।

## देश विरोधियों के हौसले बुलंद, दंगे भड़काने की कोशिशें

### राजस्थान और मध्य प्रदेश में ईद के जुलूस में बवाल

# कहीं तिरंगे में चांद-तारा तो कहीं लगा पाकिस्तानी झंडा

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

देश में राष्ट्र विरोधी तत्व सांप्रदायिक उन्माद फैलाकर दंगे कराने की साजिश रच रहे हैं। गणेश विसर्जन जुलूसों में पथराव कर माहौल बिगाड़ने की कोशिशों के बाद अब तिरंगे में अशोक चक्र की जगह चांद-तारे वाले झंडे के अलावा पाकिस्तानी झंडा लगाकर देश की कानून-व्यवस्था को चुनौती दी जा रही है। सोमवार को निकले ईद के जुलूसों में शामिल उपद्रवी तत्वों ने राजस्थान और मध्य प्रदेश को हिंसा की आग में झोंकने की कोशिश कर अपने मंसूबे जाहिर कर दिए हैं।

बिहार के सारण जिले में ईद-ए-मिलान-उन-नबी पर निकले जुलूस में एक पिकअप पर अशोक चक्र की जगह चांद-तारा वाला तिरंगा झंडा लहराया गया। वीडियो वायरल होने पर सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के निर्देश परकोपा थाने में भारतीय ध्वज अधिनियम 2002 और अन्य अपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर संबंधितों की पहचान की गई। पिकअप वाहन को जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई है। उन्हें किसी तीसरे व्यक्ति ने यह झंडा उपलब्ध कराया था। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। तिरंगे से छेड़छाड़ पर स्थानीय ग्रामीण आक्रोश जाहिर करते हुए थाने पर पहुंचे और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए धरना दिया।



### मंदसौर में जुलूस से मंदिर पर फेंके गए पत्थर

मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में सोमवार को ईद के मौके पर जुलूस निकाला जा रहा था। आरोप है कि जुलूस नेहरू बस स्टैंड स्थित बालाजी मंदिर के पास पहुंचने पर जुलूस में से किसी अज्ञात शख्स ने हनुमान मंदिर पर पत्थर फेंका। इससे एक व्यक्ति घायल हो गया । इसके बाद लोगों ने इलाके की दुकानें बंद कर दी। फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल को तैनात है।

### आगरा में पाकिस्तानी झंडा फहराया



उत्तर प्रदेश के आगरा में एक मकान की छत पर पाकिस्तान का झंडा फहराया गया। इसका वीडियो पड़ोस के रहने वाले एक व्यक्ति ने बना लिया। झंडा लगाने वाले तीन लोग वीडियो में दिख रहे हैं। इनमें से दो की पहचान का दावा किया जा रहा है। इस मामले में हिंदुत्ववादी कार्यकर्ता बंटी ठाकुर ने सदर थाने में केस दर्ज कराया है। मौके पर पुलिस पहुंची तो वहां से झंडा गायब था। पुलिस ने बीएनएस की धारा 299 के तहत केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### राजस्थान के बारां में बवाल

राजस्थान के बारां जिले में ईद-मिलादुन्नबी के जुलूस में शामिल लोग और पुलिस आमने-सामने हो गए। दरअसल पुलिस ने जो रूट तय किया था, प्रताप चौक पर जुलूस में शामिल लोग उससे हटकर आगे जाने की कोशिश कर रहे थे, पुलिस ने रोका तो विवाद करने लगे। हालांकि पुलिस ने हालात काबू में कर लिए। दो दिन पहले ही राजस्थान के शाहपुरा जिले में जलझूलनी एकादशी के मौके पर पीतांबर राय महाराज के (बेवाण) जुलूस पर पथराव हुआ था।

# 'मुरली' से काम नहीं चलेगा 'सुदर्शन' भी जरूरी: योगी



**लखनऊ ▪ एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ त्रिपुरा के पश्चिमी क्षेत्र में सिद्धेश्वरी मंदिर के उद्घाटन एवं प्राण-प्रतिष्ठा हेतु आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि केवल 'मुरली' से काम नहीं चलेगा, बल्कि सुरक्षा के लिए 'सुदर्शन' भी आवश्यक है। योगी ने कहा कि पाकिस्तान मानवता का कैंसर है। नासूर बन चुका है। बिना ऑपरेशन के इसका इलाज संभव नहीं। इसकी शुरुआत हो रही है। पाक अधिकृत कश्मीर और बलूचिस्तान में अलग होने की मांग शुरू हो गई है। सबसे ज्यादा भारतवासियों को सतर्क रहना होगा।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार ने 'विकास और विरासत' के अभियान को सतत आगे बढ़ाया है। अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम का मंदिर निर्माण हो या त्रिपुरा में मां त्रिपुर सुंदरी के मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं पुनरुद्धार का कार्य, सभी उसके साक्षात उदाहरण हैं। लेकिन कुछ लोगों को मंदिर बनने से दुख हो रहा है लेकिन हम क्या करें? मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी हमारे सामने भगवान कृष्ण की स्मृति आती है, तो उनके एक हाथ में मुरली और दूसरे हाथ में सुदर्शन होता है। केवल मुरली से काम नहीं चलेगा, बल्कि सुरक्षा के लिए सुदर्शन भी आवश्यक है। जब सुदर्शन आपके पास होगा, तो श्री-श्री शांति कालीन महाराज जैसे संतों को बलिदान नहीं देना पड़ेगा।

### अयोध्या, काशी, मथुरा सनातन के स्तंभ

योगी ने कहा कि धर्म से जैसा व्यवहार करेंगे, धर्म भी उसी तरह से व्यवहार करेगा। अयोध्या, काशी और मथुरा सनातन के स्तंभ हैं। बांग्लादेश के हालात पर चिंतन करने की आवश्यकता है। 1947 से पहले कौन लोग थे, जो भारत के विभाजन के जिम्मेदार हैं। हमारी सनातन मान्यता रही है। यतो धर्मस्ततो जयते...यही हम सभी की शिक्षा है। हम सभी आज एक भारत-श्रेष्ठ भारत के रूप में पूरे देश के अंदर एक मजबूत भारत के लिए काम कर रहे हैं। आज त्रिपुरा के अंदर शांतिपूर्ण माहौल है। आज से 10 साल पहले ऐसा माहौल नहीं था। आज हमारी सरकार सभी के लिए काम कर रही है।

# पीएम मोदी के जन्मदिन से भाजपा का 'सेवा पखवाड़ा' स्कूलों और अस्पतालों में स्वच्छता अभियान चलाएंगे

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को भाजपा देशभर में बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी कर रही है। भाजपा ने 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक देशभर में बड़े पैमाने पर 'सेवा पखवाड़ा' मनाने की योजना बनाई है।

भाजपा 17 सितंबर को इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, ब्लड बैंक और अन्य सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर देशभर में जिला स्तर पर ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करेगी। 18 से 24 सितंबर तक, देशभर में स्कूलों और अस्पतालों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 25 सितंबर को बूथ स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

सभी कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर 100 सदस्यों को भी जोड़ने को कहा गया है। महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर को मंडल स्तर पर भाजपा कार्यकर्ता और नेता अपने-अपने इलाकों में लगी महात्मा गांधी की मूर्ति, मंदिर एवं अन्य धार्मिक स्थलों, पार्क और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर स्वच्छता अभियान चलाएंगे।

## जम्मू-कश्मीर : महिलाओं को हर माह 3,500 रुपए देगी कांग्रेस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने सोमवार को अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। इसमें युवाओं को प्रतिवर्ष 3,500 रुपये बेरोजगारी भत्ता, गरीब महिलाओं को हर महीने उनके खाते में 3,500 रुपये दिए जाने, लोकायुक्त का गठन, किसानों के लिए भूमि नीति, महिला सशक्तिकरण और गरीब छात्रों के लिए सस्ती कोचिंग की सुविधा समेत कई वादे किये हैं।

## ईरान को भारत का जवाब

# 'अपने गिरेबान में झांकें'

**नई दिल्ली ▪ एजेंसी**



भारत ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयोतोल्ला खामनेई के भारतीय मुस्लिमों पर दिए बयान पर सख्त तेवर अपनाया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि ईरान को किसी और के बारे में बात करने से पहले खुद अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि जो देश भारत के अल्पसंख्यकों के बारे में बयानबाजी कर रहे हैं, उन्हें दूसरों के बारे में बोलने से पहले खुद अपने रिकॉर्ड को देखना चाहिए। उन्होंने कहा, "हम भारत के अल्पसंख्यकों को लेकर ईरान के सर्वोच्च नेता के बयान की निंदा करते हैं। यह गलत जानकारी वाले और अस्वीकार्य बयान हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातोल्ला खामनेई ने सोमवार को तेहरान में मौलानाओं की एक सभा को संबोधित करते हुए गाजा, म्यांमार और भारत में मुस्लिमों की स्थिति पर चिंता जाहिर की थी।

## कोलकाता कांड : ममता बनर्जी के आवास पर चली लंबी बैठक

# जूनियर डॉक्टरों ने सौंपा पांच सूत्री मांग-पत्र

**कोलकाता ▪ एजेंसी**

महिला डॉक्टर से दरिंदगी मामले में कालीघाट में सीएम ममता बनर्जी के आवास पर सोमवार को लंबी बैठक चली। जूनियर डॉक्टरों के साथ रात करीब पौने दस बजे तक बातचीत हुई। जूनियर डाक्टरों ने पांच सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। बैठक में करीब 30 डॉक्टर शामिल हुए। इससे पहले आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों ने कहा था कि वे गतिरोध दूर करने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास पर आयोजित बैठक में शामिल होंगे। चिकित्सकों ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव से कहा था कि यदि दोनों पक्षों को बैठक में बातचीत रिकॉर्ड करने की अनुमति दी जाती है, तो शामिल होने को इच्छुक हैं।



मुख्य सचिव मनोज पंत ने आंदोलनकारी चिकित्सकों से कहा कि दोनों पक्ष बैठक के विवरण पर हस्ताक्षर करेंगे, वार्ता के अंत में प्रत्येक पक्ष को इसकी प्रतियां दी जाएंगी। चिकित्सकों ने कहा कि आरजी कर अस्पताल मामले में सीबीआई द्वारा कोलकाता पुलिस अधिकारी की गिरफ्तारी ने बैठक की पारदर्शिता की जरूरत बढ़ा दी है। करीब 30 चिकित्सक शाम करीब 6.20 बजे मुख्यमंत्री बनर्जी के आवास पर पहुंचे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह बैठक शाम पांच बजे होनी थी. स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय 'स्वास्थ्य भवन' के बाहर अपने धरना स्थल से बैठक के लिए रवाना होने से पहले प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने कहा कि बैठक का विवरण रिकॉर्ड करने के लिए उनके साथ दो पेशेवर स्टेनोग्राफर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे अपनी पांच मांगों से कम पर नहीं मानेंगे, जो वे पहले ही सरकार के समक्ष रख चुके हैं।

### डॉक्टरों का 5 सूत्रीय ज्ञापन

चिकित्सकों ने नौ अगस्त को आरजी कर अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या की घटना के बाद सबूतों को 'नष्ट' करने के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करने और उन्हें सजा देने की मांग की है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने; कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल और स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम के इस्तीफे, स्वास्थ्य कर्मियों के लिए बेहतर सुरक्षा और सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में 'धमकी की संस्कृति' को समाप्त करने की भी मांग की है।

# न्यूयॉर्क के स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़, भारतीय दूतावास ने घटना पर जताई चिंता

अमेरिका के न्यूयॉर्क के मेलविले में स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। इंडियन मिशन ने एक्स पर जानकारी दी न्यूयॉर्क के मेलविले में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर की बर्बरता अस्वीकार्य है। न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास समुदाय के संपर्क में है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने अमेरिकी न्याय विभाग से न्यूयॉर्क में बीएपीएस हिंदू मंदिर पर हमले की जांच करने का आग्रह किया है।

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका के न्यूयॉर्क के एक मंदिर बीएपीएस में तोड़फोड़ की घटना सामने आने के बाद भारत के वाणिज्य दूतावास ने इसकी कड़ी निंदा की है। दूतावास ने कहा है कि उसने इस जघन्य कृत्य में शामिल अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के लिए अमेरिकी अधिकारियों के सामने मामला उठाया है। यह घटना ऐसे समय घटी है जब कुछ ही दिन बाद घटनास्थल के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम होना है।

## भारत सरकार ने इस घटना की कड़ी निंदा की




### पीएम मोदी के अमेरिका दौरे से पहले खालिस्तानियों ने किया था हिंदू मंदिर पर हमला!

मंदिर में तोड़फोड़ के पीछे खालिस्तानी तत्वों का हाथ हो सकता है। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय कौंसुलेट ने इस हमले पर चिंता जताई है। यह हमला भी उस न्यूयॉर्क शहर में ही हुआ है, जहां पीएम नरेंद्र मोदी का एक कार्यक्रम होने वाला है। पीएम नरेंद्र मोदी इसी सप्ताह अमेरिका की यात्रा पर जाने वाले हैं। इससे पहले न्यूयॉर्क के स्वामी नारायण मंदिर में तोड़फोड़ हुई है और वहां दीवारों पर भारत विरोधी नारे तक लिखे गए। पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे से ठीक पहले इस तरह की हरकत करने को एक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसे में एजेंसियों को संदेह है कि मंदिर में तोड़फोड़ के पीछे खालिस्तानी तत्वों का हाथ हो सकता है। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय कौंसुलेट ने इस हमले पर चिंता जताई है। यह हमला भी उस न्यूयॉर्क शहर में ही हुआ है, जहां पीएम नरेंद्र मोदी का एक कार्यक्रम होने वाला है।

### लगे भारत विरोधी पोस्टर

खासतौर पर मंदिर में हमला और भारत विरोधी नारे लिखना खालिस्तानी तत्वों की एक आदत रही है। सूत्रों का कहना है कि कई जगहों पर लॉन्ग आइलैंड इलाके में भी भारत विरोधी पोस्टर लगे देखे गए हैं। वहां रह रहे भारतीय मूल के लोगों ने भी इसकी पुष्टि की है। यह हमला 15 सितंबर की रात को न्यूयॉर्क के मेलविले स्थित स्वामी नारायण मंदिर में हुआ है। यह स्थान पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम वाली जगह से 26 किलोमीटर की दूरी पर है। प्रधानमंत्री 22 सितंबर को यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करने वाले हैं।

### मंदिर प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील की

इस घटना ने भारत और अमेरिका के रिश्तों को लेकर भी चिंता पैदा कर दी है। पहले ही भारत की ओर से कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में खालिस्तानी तत्वों के सक्रिय होने को लेकर चिंता जताई गई है। ऐसी स्थिति में अब अमेरिका में एक और वारदात ने भारतीय एजेंसियों का शक गहरा कर दिया है। इस साल अमेरिका में यह तीसरा मौका है, जब हिंदू मंदिर पर अटैक किया गया है। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय कौंसुलेट ने इस पर चिंता जताई है और अमेरिकी सरकार से अपील की है कि ऐसा करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए। वहीं मंदिर प्रशासन ने सभी से शांति बनाए रखने की अपील की है। मंदिर की ओर से बयान जारी कर कहा गया कि हम भले ही हमले से दुखी हैं, लेकिन शांति बनाए रखी जाए। नफरत और असहिष्णुता के खिलाफ हमारा यही जवाब है। नफरती नारों से मंदिर पर हमला किया गया। दुर्भाग्य से यह पहला मौका नहीं है, जब इस तरह अमेरिका में मंदिर पर अटैक हुआ है। इससे पहले भी इसी साल दो और घटनाएं ऐसी हो चुकी हैं। गौरतलब है कि खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रखने का आरोप अमेरिका की ओर से भारतीय एजेंसियों पर लगाया था। इसे लेकर दोनों देशों के बीच तनाव भी पैदा हुआ और भारत ने इससे इनकार किया था।

## खबर संक्षेप

### सेना का वाहन खाई में गिरा, 4 जवान घायल



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में मंगलवार शाम को बड़ा हादसा हो गया। इसमें सेना का आर्मांडा वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में चार जवान घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, दुर्घटना उस समय हुई जब सेना का वाहन पहाड़ी मार्ग पर चलते हुए अचानक नियंत्रण खो बैठा और खाई में जा गिरा। हादसे की सूचना मिलते ही तुरंत बचाव दल मौके पर पहुंचा और सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### पेरू के जंगल में लगी आग, 15 लोगों की मौत

**लीमा।** पेरू के जंगल में लगी भीषण आग की घटनाओं के कारण जुलाई से अब तक 15 लोगों की मौत हो गई है और तीन हजार



हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि तथा वन क्षेत्र जलकर खाक हो गया है। पेरू के प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनजेन ने कहा कि आग मानवीय गतिविधियों के कारण लगी है और देश के 24 में से 22 क्षेत्र इससे प्रभावित है। धुआं और तेज हवाएं आग बुझाने में लगे विमानों के कार्य में बाधा डाल रहीं हैं। हवाओं के चलते आग लगातार भड़ककर जंगल में तेजी से फैलती जा रही है।

## प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह एवं अमेरिका के ऊर्जा सचिव जेनिफर ने कई पहलों की समीक्षा की

# रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा भागीदारी बैठक में अमेरिका और भारत ने ऊर्जा दक्षता बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई

मंत्रियों ने साझा स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों की दिशा में प्रगति को आगे बढ़ाने और आज की अभूतपूर्व जलवायु चुनौतियों का समाधान करने के लिए अमेरिका-भारत साझेदारी की व्यापकता और गहराई की प्रशंसा की।

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के ऊर्जा सचिव जेनिफर ग्रैनहोम और भारत के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के बीच रणनीतिक स्वच्छ ऊर्जा भागीदारी मंत्रिस्तरीय बैठक वॉशिंगटन डी सी में रविवार (16, सितंबर) को आयोजित की गई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एससीईपी के अंतर्गत तकनीकी स्तंभों में की गई पहलों की समीक्षा की, जिसमें बिजली और ऊर्जा दक्षता, जिम्मेदार तेल एवं गैस, नवीकरणीय ऊर्जा, उभरते ईंधन एवं प्रौद्योगिकी तथा सतत विकास शामिल हैं। मंत्रियों ने साझा स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों की दिशा में प्रगति को आगे बढ़ाने और आज की अभूतपूर्व जलवायु चुनौतियों का समाधान करने के लिए अमेरिका-भारत साझेदारी की व्यापकता और गहराई की प्रशंसा की। दोनों देशों ने ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दक्षता मानकों में सुधार, उच्च दक्षता वाले किफायती कूलिंग प्रणालियों की तैनाती और विनिर्माण को बढ़ावा देने और सप्लाई चेन विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए अति-कुशल उपकरण पर सहयोग का स्वागत किया। उन्होंने पूरे भारत में 10,000 ई-बसों को तैनात करने के लिए पीएम ई-बस सेवा योजना के कार्यान्वयन की सराहना की।



पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि बैठक के दौरान विश्वसनीय, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति तक पहुँच को प्राथमिकता देने वाले न्यायसंगत, व्यवस्थित और टिकाऊ ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में काम करने की आवश्यकता को पहचानते हुए, जो दोनों पक्षों ने दोनों देशों की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं का समर्थन करने में ऊर्जा व्यापार द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का स्वागत किया।

मंत्रियों ने उभरती हुई स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के विकास और तैनाती में तेजी लाने, नवीकरणीय ऊर्जा की तैनाती और विश्वसनीय ग्रिड एकीकरण को आगे बढ़ाने, ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने और उद्योग, भवन और परिवहन जैसे उच्च-उत्सर्जन वाले क्षेत्रों के कोयाला, प्राकृतिक गैस, या तेल आदि को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों की प्रगति को मान्यता दी।

### बैठक में पीएम ई-बस सेवा योजना के कार्यान्वयन की सराहना की

मीटिंग में दोनों देशों के मंत्रियों ने मध्यम और भारी वाहनों के विद्युतीकरण पर नए सहयोग का स्वागत किया, जिसमें इलेक्ट्रिक बसों सहित ई-फ्रेट के लिए परिवहन विद्युतीकरण पर संबंधित कार्यशालाओं और स्ट्रक्चर्ड विशेषज्ञ आदान-प्रदान की एक श्रृंखला शामिल है। उन्होंने पूरे भारत में 10,000 ई-बसों को तैनात करने के लिए पीएम ई-बस सेवा योजना के कार्यान्वयन की सराहना की। अमेरिका और भारत ने माना कि ऊर्जा परिवर्तन के वास्ते साध्य, सस्टैनबल स्वच्छ ऊर्जा प्रयासों और न्यायोचित ऊर्जा संक्रमण को सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर ठोस कार्रवाई और कार्यान्वयन की आवश्यकता है।

## भारत की वित्तीय संभावनाओं को पूरी तरह से नहीं तलाशा गया... पूर्व मंत्री ईरानी ने गिनाईं देश की उपलब्धियां



**नई दिल्ली।** पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि भारत ने कितनी प्रगति कर ली है, इस बारे में लोगों का काफी कम जानकारी है। इसकी वजह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की वित्तीय संभावनाओं को पूरी तरह से नहीं तलाशा गया है।

### वैक्सीन की 2.2 अरब खुराक

इतना ही नहीं उन्होंने तीन महीने से भी कम समय में वैक्सीन की 2.2 अरब खुराक देने की भारत की उपलब्धि पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'वे आश्चर्यचकित थे। जब मैं कहती हूं कि वे, मैं भारत के बाहर किसी की भी बात कर रही हूं विशेष रूप से पश्चिमी दुनिया, हैरान थे कि हम एक एप बना सकते हैं और न केवल खुराक बांट सकते हैं, बल्कि 600,000 गांवों को पता है कि महामारी में क्या करना है। उन्होंने कहा कि अन्य देश भी इस बात से आश्चर्यचकित थे कि भारत केवल तीन महीनों में पीपीई सूट निर्माण में एक प्रमुख शक्ति बन सकता है, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन सकता है, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकता है और आपूर्ति श्रृंखला में वित्तीय बाधाओं को तोड़ सकता है।

### हम कई स्तर पर अवसर पैदा करते हैं

अमेरिका के ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के एक कार्यक्रम में स्मृति ईरानी ने कहा, 'हमारे देश की वित्तीय संभावनाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरी तरह नहीं तलाशा गया है। एक अर्थव्यवस्था के रूप में भारत को निकट दृष्टि से देखा जाता है, मान लीजिए कि इस पर दावोस में चर्चा होती है या (विश्व) बैंक में चर्चा होती है, लेकिन परिचालन के लिहाज से हम कई स्तरों पर अवसर पैदा करते हैं, जो दिखाई नहीं देते।

### हमारी अर्थव्यवस्था बड़े व्यवसायों के लिए खुली

फिलहाल अमेरिका की अनौपचारिक यात्रा पर आईं ईरानी ने कहा कि भारत ने कितनी प्रगति की है, इस बारे में जानकारी का काफी अभाव है। उन्होंने कहा, 'भारत द्वारा की गई जलवायु कार्रवाई के बारे में अधिक जानकारी नहीं है। इसी तरह, मान लीजिए कि सटीक विनिर्माण में, कृषि आधारित उद्योग में, गलत धारणा यह है कि हमारी अर्थव्यवस्था केवल बड़े व्यवसायों के लिए खुली है।

## 21 से 23 तक प्रधानमंत्री अमेरिका दौरे पर

# क्वाड शिखर सम्मेलन व यूएन महासभा को करेंगे संबोधित



फाइल फोटो

▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह शनिवार से अमेरिका की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इसकी शुरुआत 21 सितंबर को होगी और समापन 23 सितंबर को होगा। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। अमेरिका यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री दो महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में शिरकत करेंगे। 21 सितंबर को विलमिंगटन के डेलावेयर में पीएम, अमेरिका की अगुवाई वाले चतुष्कोणीय (चार देशों वाले) क्वाड समूह के चौथे शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। 23 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में आयोजित किए जाने वाले 'भविष्य के सम्मेलन' नामक सत्र को पीएम मोदी संबोधित करेंगे।

### भारत 2025 में करेगा आयोजन

मंत्रालय के मुताबिक, मौजूदा साल में भारत को क्वाड शिखर सम्मेलन का आयोजन करना था। लेकिन अमेरिका की तरफ से इस बाबत अनुरोध करने के लिए अब भारत ने अगले वर्ष 2025 में क्वाड शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर सहमति प्रदान की है। अमेरिका में होने वाले सम्मेलन में चारों भागीदार देशों के शीर्ष नेता बीते एक साल के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों की प्रगति की समीक्षा करेंगे और आने वाले साल के लिए एजेंडा भी तय किया जाएगा। इसके जरिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों को अपने विकास के लक्ष्य और अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए सहायता प्रदान की जाएगी।

### जियो पॉलिटिक्स पर करेंगे चर्चा

सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी 21 सितंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के गृहनगर डेलावेयर में क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। क्वाड शिखर सम्मेलन के बाद पीएम मोदी 22 सितंबर को न्यूयॉर्क जाएंगे और भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे। क्वाड शिखर सम्मेलन में जियो-पॉलिटिक्स और सुरक्षा चिंताओं के अलावा, टेक्नोलॉजी, इंफ्रास्ट्रक्चर और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। शाम को क्वाड रिसेप्शन का आयोजन किया जाएगा। वहीं प्रधानमंत्री मोदी उसी रात को न्यूयॉर्क शहर के लिए रवाना हो जाएंगे।

## तलाशी के दौरान 270 रुपए की पाक करंसी बरामद

# भारतीय सीमा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, बीएसएफ ने किया ढेर

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

सीमा सुरक्षा बल ने पाकिस्तान की ओर से भारत में अवैध तरीके से प्रवेश कर रहे एक घुसपैठिये को मार गिराया। बल के जवानों ने घुसपैठिये को बार बार रुकने का इशारा किया, पर वह नहीं माना। अंततः जवानों ने गोली चला दी, जिससे उसकी मौत हो गई। दरअसल, गांव रतन खुर्द फेंसिंग के नजदीक सोमवार की रात लगभग सवा नौ बजे यह घुसपैठिये इस पार आने का प्रयास कर रहा था। जवानों ने जब उसे देखा तो रुकने का इशारा किया, पर वह नहीं माना। जवानों ने उसे चेतावनी भी दी, पर वह लगातार इस ओर बढ़ता रहा। बता दे कि तलाशी के दौरान उसके पास से 270 रुपए पाकिस्तानी करंसी बरामद हुई है।

### कई तरीकों से पाक घुसपैठ करता है

इससे पहले जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा में एलओसी पर सेना ने घुसपैठ की साजिश करने वाले दो आतंकवादी मार गिराए थे, जिसके बाद पूरे एलओसी पर



सतर्कता बढ़ा दी गई। मारे गए आतंकियों से दो एके-47 राइफल, नाइट विजनयुक्त एम-4 कारबाइन, पिस्टल और आठ ग्रेनेड बरामद हुए थे. पाकिस्तान लगातार घुसपैठ के नए-नए हथकंडे अपना रहा है। घुसपैठ के अलावा भी पाकिस्तान साइबर हमलों से लगातार हमला कर रहा है। पिछले साल इन हमलों में 39 फीसदी का इजाफा देखा गया था, जिसमें सबसे ज्यादा सरकारी एजेंसियां, रक्षा और एयरोस्पेस सेक्टर प्रभावित हुए थे।

## 200 गंभीर, 2700 जख्मी, घायलों में ईरानी राजदूत भी शामिल

# लेबनान में हिजबुल्लाह मेंबर्स के पेजर में एक के बाद एक हुए कई धमाके, 9 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ बेरूत

लेबनान में हिजबुल्लाह मेंबर्स के पेजर (कम्युनिकेशन डिवाइस) में सीरियल ब्लास्ट हुए हैं। जानकारी के मुताबिक ब्लास्ट में 9 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में हिजबुल्लाह के 2 सदस्य और 1 बच्ची भी शामिल है। वहीं 2700 से ज्यादा घायल हुए हैं, जिनमें से 200 की हालात गंभीर है। इस घटना के बाद हिजबुल्लाह और ईरान बीच संबध भी उजागर हुए हैं। बता दे कि पेजर्स को हैक करके ब्लास्ट किया गया है। हिजबुल्लाह ने कहा कि वह इस हमले के लिए 'दुश्मन' इजराइल को जिम्मेदार मानता है। हालांकि इजराइल ने इस पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ये ब्लास्ट मंगलवार को दोपहर लगभग 3:30 बजे हुआ। पेजर एक वायरलेस डिवाइस होता है जिसका इस्तेमाल संदेश भेजने और प्राप्त करने के लिए किया जाता है। यह आमतौर पर छोटे स्क्रीन और छोटे कीपैड के साथ आता है। इसकी मदद से संदेशों, अलर्ट्स या कॉल्स को जल्दी प्राप्त किया जा सकता है।

### ब्लास्ट में ईरानी राजदूत भी घायल



स्थानीय मीडिया के मुताबिक ईरान के राजदूत मोजतबा अमानी भी पेजर ब्लास्ट में घायल हुए हैं। हालांकि उन्हें गंभीर चोट नहीं आई है। अरब मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सीरियल ब्लास्ट में हजार से ज्यादा हिजबुल्लाह मेंबर्स को निशाना बनाया गया है। हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह के भी घायल होने का दावा किया जा रहा था, लेकिन हिजबुल्लाह ने इसका खंडन किया है। हिजबुल्लाह के एक अधिकारी ने कहा कि नसरल्लाह को हमले में कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री फिरास अबियाद ने पुष्टि की है कि देशभर में हुए ब्लास्ट्स में सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। अबियाद के मुताबिक ज्यादातर लोगों को हाथ में चोटें आई हैं।



### हिजबुल्लाह ने सदस्यों को दिए थे पेजर्स

रिपोर्ट्स के मुताबिक जिन पेजर्स में विस्फोट हुआ, उन्हें हाल ही में हिजबुल्लाह ने अपने सदस्यों को इस्तेमाल करने को दिया था। गाजा जंग शुरू होने के बाद हिजबुल्लाह ने अपने सदस्यों को मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने को मना किया था। इजराइल के किसी संभावित हमले से बचने के लिए यह सलाह दी गई थी।

## अब नाइजीरिया कॉम्बैट हेलीकॉप्टर खरीदने वाला पहला देश बनेगा

# नाइजीरिया को भारत से मिलेंगे प्रचंड लड़ाकू हेलीकॉप्टर, बदल जाएगी अफ्रीकी देश की सेना की किस्मत

एजेंसी ▶▶ एबूजा

नाइजीरिया की सरकार बेंगलुरू स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से चार लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) खरीदने की योजना बना रही है। नाइजीरिया सॉफ्ट क्रेडिट व्यवस्था के जरिए एलसीएच खरीदने वाला पहला देश बनने जा रहा है, जो उसकी सैन्य क्षमताओं में अहम बढ़ोतरी करेगा।

यह अंतरराष्ट्रीय रक्षा साझेदारी के लिहाज से एक अहम कदम है। साथ ही नाइजीरिया की अपनी हवाई रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने की कोशिश को भी दिखाता है। नाइजीरियाई सरकार की पहल के साथ-साथ ये एचएएल की रणनीतिक पहुंच भी इस समझौते से दिखती है। जानकारी के मुताबिक नाइजीरियाई सेना के अधिकारियों ने रोटरी विंग अकादमी में एचएएल के ध्रुव हेलीकॉप्टरों के लिए ट्रेनिंग पूरी कर ली है।

फिलहाल एचएएल और नाइजीरियाई अधिकारियों के बीच चर्चा चल रही है और जल्द ही इससे जुड़े समझौते को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। एलसीएच, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव का एक वेरिएंट है। इसमें स्टील्थ तकनीक, बख्तरबंद सुरक्षा प्रणाली और क्रैश-योग्य लैंडिंग गियर जैसी कई मॉर्डन फैसिलिटी हैं।

### खास बातें

- नाइजीरिया लेने जा रहा लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर
- नाइजीरियाई अधिकारी एचएएल में ले रहे हैं ट्रेनिंग
- एलसीएच, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव का वेरिएंट

### युद्ध के मैदान में खास हो जाता है ये हेलीकॉप्टर




लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर को युद्ध की स्थिति बेहतर काम करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। इसका डिजाइन इसे गतिशीलता और एक बड़ी ऑपरेटिंग रेंज प्रदान करता है, जो इसे युद्ध, बचाव (सीएसएआर), दुश्मन की वायु रक्षा को नष्ट करने (डीईएडी) और आतंकवाद विरोधी अभियानों जैसी विभिन्न भूमिकाओं के लिए उपयुक्त बनाता है। यह हेलीकॉप्टर उच्च-ऊंचाई और जंगल के वातावरणों में कामयाब है और धीमी गति से चलने वाले विमानों और दूर से संचालित वाहनों के खिलाफ भी प्रभावी है। इसका डिजाइन अत्याधुनिक तकनीक को इंटीग्रेटिड करता है, जिसमें एक ग्लास कॉकपिट और समग्र एयरफ्रेम शामिल है। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और भारतीय सेना ने पहले ही एलसीएच को अपने बेड़े में इंटीग्रेट कर लिया है।

### नाइजीरिया ने भी दिखाई दिलचस्पी

एलसीएच के लिए नाइजीरियाई सेना की रुचि उसकी मारक क्षमता और आतंकवाद विरोधी क्षमताओं की वजह से है। नाइजीरिया अपने सैन्य अभियानों के लिए 12 जुड़वां इंजन वाले लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की मांग कर रहा है। नाइजीरिया ने एचएएल, एयरबस और तुर्की के टीएआई सहित कई वैश्विक निर्माताओं से इसके लिए संपर्क किया। एचएएल का एलसीएच अपनी खूबियों की वजह से नाइजारिया को लुभा रहा है।

## स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान की

# स्क्वाड्रन में शामिल पहली महिला पायलट बनीं मोहना सिंह

▶▶ नई दिल्ली

स्क्वाड्रन लीडर मोहना सिंह देश में निर्मित पहले हल्के युद्धक विमान तेजस (एलसीए) की स्क्वाड्रन में शामिल पहली महिला पायलट बन गई हैं। तेजस की स्क्वाड्रन को '18 फ्लाइंग बुलेट' के नाम से जाना जाता है।

वायुसेना ने इनकी तैनाती गुजरात सेक्टर के तहत आने वाले नलिया एयरबेस पर की है। बता दें कि इससे पहले मोहना के नाम भारत की तीन पहली महिला फाइटर पायलट के समूह में शामिल होने का ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी है।

### उप सेनाप्रमुखों की उड़ान का रही हिस्सा



मोहना सिंह ने हाल ही में जोधपुर एयरबेस पर संपन्न हुई देश की पहली अंतरराष्ट्रीय एक्सरसाइज तरंग शक्ति-24 में भी भाग लिया था। तीनों सशस्त्र सेनाप्रमुखों की पहली ऐतिहासिक हवाई उड़ान में भी शामिल थीं। इसमें वह सेना और नौसेना के उप प्रमुखों को उड़ान के बारे जानकारी के साथ मदद करते हुए नजर आई थी।



# 'द ट्रेटर्स' शो की शूटिंग कर रहे हैं करण जौहर...

**मुंबई।** करण जौहर अपने आगामी शो 'द ट्रेटर्स' की शूटिंग में बिजी हैं। इस शो के लिए जैसलमेर में शूटिंग हो रही है। अमेरिकन शो की तर्ज पर ये इंडियन शो बनाया जा रहा है। इस शो को लेकर पहले चर्चा हो रही थी, अब करण जौहर ने इस शो को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट की है। 'द ट्रेटर्स' शो प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है। फोटो शेयर कर उन्होंने लिखा, 'यह बहुत ही खतरनाक है, आप एक आंख खुली रखकर सोएंगे। करण जौहर की इस पोस्ट पर प्रशंसकों ने कमेंट किया है। क्या वेब सीरीज आ रही है?' दूसरे फैन ने कमेंट किया, 'बदला लेने का समय आ गया है चलो चलते हैं यार!'

## लाइफ Style



# करीना
## 25 वर्षों में की कई सफल फिल्में

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री करीना कपूर खान को सिनेमा में योगदान के लिए उनके नाम पर एक फिल्म फेस्टिवल की घोषणा की गई है। यह मल्टी-सिटी फिल्म फेस्टिवल अभिनेत्री के शानदार करियर को समर्पित होगा और बड़े पर्दे पर उनकी कुछ चुनिंदा फिल्में दिखाई जाएंगी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर उनके लिए समर्पित फिल्म फेस्टिवल को लेकर उत्साह जताया। करीना ने कहा, 'मेरी रगों में खून, स्क्रीन पर जादू... मेरा काम जिसे मैं प्यार करती हूं... अंदर की आग... अगले 25 के लिए। इस खूबसूरत फेस्टिवल को क्यूरेट करने के लिए पीवीआर सिनेमा और आईनॉक्स को धन्यवाद। बहुत आभारी हूं।'करीना कपूर ने फिल्म फेस्टिवल का ट्रेलर भी साझा किया। इसमें करीना के किरदारों की क्लिप शामिल हैं, जिसमें 'जब वी मेट' की गीत और 'कभी खुशी कभी गम' से 'पू' शामिल हैं। हाल ही में, करीना कपूर खान की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म में अपनी भूमिका के लिए करीना को खूब सराहना भी मिल रही है। इस फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है। करीना ने अपने करियर की शुरुआत साल 2000 में आई फिल्म 'रिफ्यूजी' से की थी। इस फिल्म से अभिषेक बच्चन ने भी डेब्यू किया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर असफल हुई थी। अपने 25 साल के करियर में करीना ने 'चमेली', 'कभी खुशी कभी गम', 'जब वी मेट', 'तलाश', 'ऐतराज', 'क्रू' और 'जाने जान' जैसी कई फिल्मों में काम किया है।

## हॉलीवुड मसाला




# गाना चोरी करने का लगा आरोप

**लॉस एंजिल्स।** संगीत की दुनिया में अक्सर किसी ना किसी संगीतकार पर चोरी का आरोप लगता रहता है। अब इसी सिलसिले में एक नाम और जुड़ गया है। जानी-मानी गायिका माइली साइरस पर भी ऐसा ही आरोप लगा है और वो भी उस गाने को लेकर, जिससे उन्होंने ग्रैमी जीता था। माइली साइरस पर आरोप है कि उन्होंने अपने गाने फ्लावर्स को ब्रूनो मार्स के एक लोकप्रिय गाने की नकल करके बनाया है। मालूम हो कि माइली ने इस साल 'फ्लावर्स' के लिए सर्वश्रेष्ठ पॉप सोलो प्रदर्शन के लिए अपना पहला ग्रैमी पुरस्कार जीता था।



# ओटीटी पर धूम मचाएगी डेडपूल एंड वूल्वरिन...

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की डेडपूल और वूल्वरिन ने रिलीज के बाद बड़े पर्दे पर खूब धमाल मचाया। यह अब तक की सबसे अधिक कमाई करने वाली आर-रेटेड फिल्म है। वहीं, 2024 की दूसरी सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बनकर इस फिल्म ने खास रिकॉर्ड अपने नाम किया था। सिनेमाघरों में करोड़ों रुपए छापने के बाद अब यह फिल्म डिजिटल रिलीज के लिए तैयार है। मीडिया रिपोर्ट्स के दावों की मानें तो फिल्म 1 अक्टूबर से प्रीमियम वीडियो ऑन डिमांड (पीवीओडी) पर अंग्रेजी में उपलब्ध होगी। वहीं, अक्टूबर के अंत तक डिज्नी प्लस पर इसकी स्ट्रीमिंग तेलुगु और अन्य भारतीय भाषा के संस्करण में शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि, इसको लेकर अभी तक कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।



# 10 साल पहले ठुकरा दी थी शाहरुख की फिल्म

**मुंबई।** अभिनेत्री नयनतारा अपनी फिल्मों और निजी जिंदगी को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने फिल्म 'जवान' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म 'जवान' से पहले उन्हें हिंदी फिल्म में काम करने का मौका मिला था, जिसे अभिनेत्री ने नकार दिया था। खास बात यह है कि इस फिल्म में भी उन्हें शाहरुख खान के साथ ही काम करने का मौका मिला था। इस फिल्म के ठीक 10 साल बाद ही नयनतारा ने शाहरुख खान के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया है। रोहित शेट्टी ने खुद फिल्म 'चेन्नई सुपर किंग्स' के लिए नयनतारा को ऑफर दिया था। इस ऑफर को नयनतारा ने नकार दिया था। फिल्म के गाने 'एक दो तीन चार' में कुछ खास सीन करने के लिए नयनतारा को रोहित शेट्टी ने यह ऑफर दिया था। नयनतारा के मना करने के बाद रोहित शेट्टी ने प्रियमणि को कास्ट किया था।



# पंकज ने बेटे को बताया बेहतरीन अभिनेता

**मुंबई।** पंकज कपूर ने अपने बेटे और बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें अपनी पीढ़ी का सबसे बेहतरीन अभिनेता बताया और उनके करियर के दौरान सोच-समझकर फिल्म चुनने में उनकी प्रशंसा की। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि मुझे शाहिद को इस समय जिस मुकाम पर देखकर बहुत गर्व महसूस होता है, पिछले 20 सालों में उन्होंने जिस तरह की सोच दिखाई है और फिल्मों के चयन के मामले में उन्होंने जो फैसले किए हैं, उसे देखकर मैं बहुत गौरवान्वित महसूस करता हूं। उन्होंने एक खास तरीके से शुरुआत की थी, लेकिन आज वे जिस तरह की सिनेमा कर रहे हैं, मुझे कहते हुए गर्व हो रहा है कि वे अपने आयु वर्ग में इस देश के सबसे बेहतरीन अभिनेता हैं। पंकज ने अपने सभी बच्चों - शाहिद, रूहान और सनाह पर गर्व व्यक्त किया।

## टीवी मसाला



# अमिताभ ने गाया परदेसिया... सोनू-श्रेया के साथ मिलाए सुर

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी 16) के मंच पर अपनी गायकी का जलवा बिखेरेंगे। बॉलीवुड के सुपरस्टार अपने शो में गायक सोनू निगम और श्रेया घोषाल को होस्ट करेंगे और इसका एक प्रोमो जारी किया गया है। प्रोमो में, सोनू और श्रेया ने मंच पर उनकी फिल्म मिस्टर नटवरलाल का एक हिट गाना 'परदेसिया' गाया। इस प्रोमो में आप देख सकते हैं कि अमिताभ भी सोनू और श्रेया के साथ सुर मिलाते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो केबीसी का है। हालंकि, अभी एपिसोड का प्रोमो आया है पूरा एपिसोड 20 सितंबर की रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर आएगा। मिस्टर नटवरलाल 1979 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और रेखा ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं और यह उस साल की सबसे लोकप्रिय फिल्मों में से एक थी। केबीसी के प्रोमो में, सोनू ने बिग बी को अपने साथ गाने के लिए बुलाया और अभिनेता ने बिना किसी देरी के दोनों सिंगर्स को ज्वाइन किया, जब अमिताभ गाने गा रहे थे, तब सोनू ने उनके लिए माइक थामा। दर्शकों और श्रेया ने उनका उत्साह बढ़ाया।

## सुमोना को प्रोत्साहित करते नजर आए विक्रांत

**नई दिल्ली।** 'खतरों के खिलाड़ी 14' अब अपने आखिरी पड़ाव पर है। शो में एक अलग मोड़ लाने के लिए दोस्तों और परिवार के संदेशों को दिखाकर प्रेरित करने की योजना बनाई है। शो में कंटेस्टेंट सुमोना चक्रवर्ती भी हैं।



विक्रांत मैसी उनके अच्छे दोस्त हैं। इस शो में सेमीफाइनल से पहले सुमोना के लिए विक्रांत मैसी ने एक खास मेसेज भेजा है। विक्रांत ने सुमोना से कहा कि हाय सुशी क्या हाल हैं। इस पर सुमोना कहती हैं सुशी मत बोलो। विक्रांत आगे कहते हैं तुम्हें सेमीफाइनल तक आने की बधाई, हमें तुम पर गर्व है। हम चाहते हैं कि तुम जीतकर वापस आओ। अभिषेक कुमार और कृष्णा श्रॉफ का प्रोमो शेयर किया है। कुमार को अपने माता-पिता से एक भावनात्मक संदेश मिला, जिसे सुनकर उनकी आंखें नम हो गईं। खबरों की मानें तो खतरों के खिलाड़ी के फाइनल की शूटिंग पूरी हो चुकी है। सीजन का फाइनल एपिसोड 28 सितंबर को रिलीज होगा।

# भारतीय सिनेमा की इस एक्ट्रेस ने किया 2500 फिल्मों में काम

मुंबई। फिल्म इंड्स्ट्री में ऐसे बिरले ही कलाकार होते हैं जिनके इस दुनिया से कूच कर जाने का दुख न केवल उनके अपनों को हो, बल्कि उनके फैंस, पूरी फिल्म इंड्स्ट्री और फिल्म इंड्स्ट्री से बाहर के लोग भी शोक मनाएं।और, उनकी कमी महसूस करें, हम जिस एक्ट्रेस की आज बात कर रहे हैं वो एक्ट्रेस भी ऐसे ही कलाकारो में शामिल है। जिसने अपने हुनर से फिल्म इंड्स्ट्री को खूब चमकाया और फैंस और दूसरे दिग्गजों की सच्ची मोहब्बत और सम्मान भी कमाया। मलयालम फिल्मों की एक्ट्रेस सुकुमारी अम्मा ऐसी ही एक एक्ट्रेस थीं। जिन्होंने खूब काम किया तो खूब पहचान और रिसपेक्ट भी हासिल किया, लेकिन दर्दनाक मौत का शिकार हुईं। और, जब इस दुनिया से विदा ली तो हर कोई उनकी कमी महसूस कर रहा था। सुकुमारी अम्मा ने अधिकांश काम मलयालम फिल्मों और तमिल भाषा की फिल्मों में किया। फिल्मी दुनिया में उनका करियर करीब 5 दशक लंबा रहा। इस दौरान वो ढाई हजार के करीब फिल्मों में नजर आईं थीं। उनकी फिल्मों में मलयालम और तमिल फिल्में तो शामिल थी हीं।



### घर के चिराग से आई कयामत

सुकुमारी अम्मा लाखों फैन्स की फेवरेट स्टार थीं। फरवरी 2013 में वो दिल दहलाने वाले हादसे का शिकार हुईं। वो अपने ही घर में शाम को दीपक जला रही थीं। उससे पूरे घर में आग लगी और सुकुमारी अम्मा भी जल गईं। इलाज के दौरान कार्डियक अरेस्ट की वजह से उनका निधन हो गया। उनकी कोस्टार और तमिलनाडू की सीएम जयललीता ने कहा था कि साउथ इंडियन सिनेमा में उनका योगदान अतुलनीय था। केरल के सीएम ओम्मन चैंडी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा था कि उनका जाना एक युग अवसान है। उन्होंने कमल हासन और मोहन लाल जैसे सुपरस्टार्स के साथ भी काम किया था।

# लगान की गौरी का 23 साल में ऐसा बदला लुक, फैन्स रह गए हक्के-बक्के

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने सिर्फ अपनी स्माइल से ही लोगों पर जादू चला दिया था। कोई भी फिल्म हिट कराने के लिए उनकी स्माइल और मासूमियत ही काफी थी। उन्हीं में से एक ग्रेसी सिंह भी हैं।ग्रेसी ने अपने फ़िल्मी करियर में कई मूवीज और शो में काम किया है। उनकी कई फिल्में बेशक फ्लॉप रही हों, लेकिन फैंस को कभी ग्रेसी से शिकायत नहीं रही है, क्योंकि वो अपनी एक्टिंग के साथ मासूमियत से लोगों को दीवाना बना लेती थीं। ग्रेसी ने आफताब शिवदसानी के साथ फिल्म मुस्कान में काम किया था। इस फिल्म के गाने इतने फेमस हो गए थे कि ग्रेसी हर जगह छा गई थीं। ये फिल्म 2004 में आई थी और ग्रेसी के तब और अब के लुक में जमीन आसमान का फर्क आ गया है। ग्रेसी सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अपनी फोटोज वीडियो शेयर करती



रहती हैं। उनके तब और अब के लुक में बहुत अंतर आ गया है। हालांकि, जो नहीं बदला है वो उनकी स्माइल और मासूमियत है। फैंस ग्रेसी के वीडियो पर ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं।एक ने लिखा- मुस्कान मूवी मेरी सिस्टर को बहुत पसंद है, बचपन में उसके लिए सीडी प्लेयर और सीडी किराए पे लिया था। दूसरे ने लिखा- लगान गंगाजल, मुस्कान...सिंपल एक्ट्रेस जिसमें कोई एटिट्यूड नहीं है। एक ने लिखा- अरे मामू जे तो अपनी चिंकी भाभी है। ग्रेसी ने अपने फिल्मी करियर में लाउडस्पीकर, संतोषम, अरमान, देशद्रोही, लगान, अमानत जैसी कई फिल्मों में काम किया है। ग्रेसी ने टीवी सीरियल संतोषी मां में भी काम किया है। इस शो से उन्हें एक अलग पहचान मिली थी। कई लोग उन्हें आज भी संतोषी मां कहते हैं।

## खौफ था ऐसा कि लोग इनको देख कर छुपा लेते थे अपनी पत्नियां

# राज कपूर के साढ़ू भाई 'प्रेम' हैं बॉलीवुड के टॉप विलेन

*मुंबई। दशकों से बॉलीवुड फिल्मों में एक्टिव प्रेम चोपड़ा हिंदी सिनेमा जगत के फेमस विलेन रहे हैं। आखिरी बार वो फिल्म 'एनिमल'में दिखे थे। उनका भी एक जमाना था, जब वो स्क्रीन पर आते थे तो लोगों की रूह कांप जाती थी। वो अपनी एक्टिंग के दम पर हीरो पर भी भारी पड़ जाते थे। 60-70 दशक में इंडस्ट्री में उनका सिक्का चलता था। उनके साथ काम करने के लिए मेकर्स की लाइन लगी रहती थी। 'नाम प्रेम चोपड़ा, प्रेम चोपड़ा नाम है मेरा' जैसे डायलॉग से प्रेम चोपड़ा का करियर चल पड़ा था। ऐसे में आज के सिनेग्राम में उनके बारे में बता रहे हैं। वो राज कपूर के साथ रिश्तेदारी के साथ ही आपको उनसे जुड़े एक किस्से के बारे में बता रहे हैं, जब लोग उनसे अपनी पत्नियों को पीछे छुपा लेते थे।*

### असल जिंदगी में पड़े नेगेटिव प्रभाव

दरअसल, प्रेम चोपड़ा ने 60-70 दशक में इतनी फिल्मों में विलेन का रोल किया कि उनका करियर तो हिट रहा मगर इसकी नेगेटिव प्रभाव उनकी असल जिंदगी में पड़े। अधिकतर फिल्मों में प्रेम चोपड़ा के रेप सीन रहे, जिसकी वजह से लोगों में उनका काफी खौफ हो गया था। इसके बारे में प्रेम चोपड़ा ने खुद बताया था। एक बार वो जश्न-ए-रेख्ता प्रोग्राम में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जिंदगी के सफर के बारे में बात की थी। इस दौरान उनसे पूछा गया था कि उनके अभिनय की हर कोई तारीफ करता लेकिन, उनके किरदार कभी किसी को पसंद नहीं आए। इस पर प्रेम चोपड़ा ने बताया था कि वो इंडस्ट्री में हीरो बनने के लिए आए थे।



### हीरो के तौर पर नहीं रहे सफल

करियर की शुरुआत पंजाबी फिल्मों से की थी। हिंदी फिल्मों में आए तो हीरो के तौर पर सफल नहीं रहे। प्रेम चोपड़ा ने आगे बताया था कि बाद में उन्हें नेगेटिव भूमिका करने के लिए मिली तो उनका जादू चल पड़ा। इसी बीच उनसे सवाल किया गया था कि उनकी ऑनस्क्रीन नेगेटिव छवि को गंभीरता से लिया गया तो इस पर उन्होंने रिएक्शन देते हुए हामी भरी थी और कहा था कि ये कई बार होता था जब लोग उन्हें देखते ही अपनी पत्नियों को पीछे छुपा लेते थे। इससे एक्टर को काफी हैरानी होती थी।

### राज कपूर की पत्नी कृष्णा की बहन उमा से की थी शादी

ये तो था उनकी प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ा किस्सा। इसके अलावा उनके बारे में एक और बात बहुत कम ही लोग जानते होंगे कि प्रेम चोपड़ा, राज कपूर के साढ़ू भाई हैं। जी हां, आपने सही पढ़ा। दरअसल, प्रेम चोपड़ा ने राज कपूर की पत्नी कृष्णा की बहन उमा से शादी की थी। इस रिश्ते से प्रेम चोपड़ा, राज कपूर के साढ़ू भाई हुए। उमा और कृष्णा बॉलीवुड एक्टर राजेंद्र नाथ और प्रेम नाथ की बहने हैं। उमा और प्रेम चोपड़ा की तीन बेटियां रकिता, पुनीता और प्रेरणा हैं। बहरहाल, अगर प्रेम चोपड़ा की फिल्मों की बात की जाए तो उन्होंने अपने करियर में 'शहीद' (1965), 'बॉबी' (1973), 'बेताब' (1983), 'गुप्त' (1997) और 'कोई मिल गया' (2003) समेत करीब 380 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है।

हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र

NAMASTE RAJASTHAN

# नमस्ते राजस्थान

खबरों की सत्यता, निष्पक्षता, पारदर्शिता

E-MAIL
namasterajasthan11@gmail.com
nrnews100@gmail.com

राजस्थान
08
भीलवाड़ा
बुधवार ,18 ,सितम्बर ,2024

**खबर संक्षेप**

## सुप्रीम कोर्ट में स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकारी स्वास्थ्य केंद्र (डीजीएचसी) का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह स्वास्थ्य केंद्र दिल्ली सरकार के सहयोग से वकीलों, वादियों को बुनियादी चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है। यहां ब्लड रिपोर्ट, ईएनटी, बिस्तर जैसी अन्य सुविधाएं भी हैं।



## जयपुर से पुष्कर सफर हो जाएगा आसान

**अजमेर।** जयपुर रोड आकाशवाणी से पुष्कर-नागौर-बीकानेर तक जाने वाला 148 किमी हाइवे नंबर-89 दिसंबर तक चालू हो सकता है। 144.40 करोड़ की लागत से बन रहे इस प्रोजेक्ट का काम 94 प्रतिशत पूरा हो गया है। इसके बीच आईलैंड बनाया गया है, जिससे वाहन आपस में नहीं टकराएंगे। जयपुर से आ रहे वाहन पूरी रफ्तार के साथ सीधे पुष्कर नागौर की ओर से जा सकेंगे।



## दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरते हुए एक प्लेन का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया गया। जिसके बाद इस प्लेन को उड़ान भरने से रोक दिया गया है। इस पूरे मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। इस हादसे से किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन इस मामले की जांच कर रहा है। जानकारी के अनुसार ये घटना 9 सितंबर की है।



## मालगाड़ी के दो इंजन डिरेल,1 जमीन पर पलटा

**रांची।** मुरी स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के दोनों इंजन हादसे के शिकार हो गए, एक इंजन डिरेल हो गया है, जबकि दूसरा पलट गया है। हादसे में जानोमाल के नुकसान की सूचना फिलहाल नहीं है। पुलिस के अनुसार मुरी स्टेशन से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर यह हादसा हुआ है। लोहरदगा से चलकर मुरी के हिंडाल्को स्थित प्लांट तक मालगाड़ी पहुंची थी।



## मलप्पुरम में एमपॉक्स का संदिग्ध मरीज

**मलप्पुरम।** केरल के मलप्पुरम जिले में एमपॉक्स संक्रमण का एक संदिग्ध मामला सामने आया है। यहां हाल ही में विदेश से लौटे एक व्यक्ति में इस बीमारी के लक्षण पाए गए हैं। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मरीज कुछ दिन पहले केरल पहुंचा था और बीमार पड़ने पर उसे पहले एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके नमूने कोझिकोड भेजे गए हैं।



### भिवानी की चुनाव रैली में राहुल-अब्दुल्ला पर बरसे अमित शाह

**शाह ने कांग्रेस और नेकां से पूछा कि क्या उनका...**

# चुनाव बाद आतंकियों की रिहाई और पाक से वार्ता का है एजेंडा

*केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल 'बाबा' किसी भी भाषा में झूठ बोल सकते हैं। राहुल गांधी को स्पष्ट करना चाहिए कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करना अच्छा था या बुरा।*

*राहुल किसी भी भाषा में झूठ बोल सकते हैं*

*कांग्रेस अग्निवीर योजना पर राजनीति कर रही*

*जब तक भाजपा है किसी को आरक्षण छूने नहीं देंगे*

▶▶ भिवानी

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने आरोप लगाया है कि जम्मू-कश्मीर में विधान सभा चुनाव के बाद राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला का एजेंडा सभी आतंकवादियों को रिहा कराने का और पाकिस्तान से वार्ता करने का है।

हरियाणा में अपनी पहली चुनाव रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि राहुल 'बाबा' किसी भी भाषा में झूठ बोल सकते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को स्पष्ट करना चाहिए कि जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करना अच्छा था या बुरा।

भिवानी जिले के लोहारू में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राहुल गांधी अग्निवीर योजना पर राजनीति कर रहे हैं। शाह ने राहुल के अलावा राज्य के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा पर भी हमला बोला और कहा कि 'हुड्डा एंड कंपनी' अग्निवीर योजना के बारे में झूठ फैला रही है। शाह ने राहुल गांधी के हालिया आरक्षण संबंधी बयानों पर भी उन पर हमला बोला और कहा कि जब तक भाजपा है, हम किसी को भी आरक्षण को छूने नहीं देंगे।





## वक्फ विधेयक का उद्देश्य संपत्तियों का संरक्षण, आने वाले दिनों में संसद से होगा पारित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन और संरक्षण सुनिश्चित करना है और इसे आने वाले दिनों में संसद में पारित किया जाएगा। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में शाह ने कहा कि यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग को भी रोकेगा। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक बुकलेट लॉन्च की और सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने बताया कि 100 दिनों में लगभग 15 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं की शुरुआत की गई हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर में 3 लाख करोड़ की परियोजनाएं घोषित की गई हैं जिन पर काम भी शुरू हो गया है।

## किसानों को लाख करोड़ रुपए वितरित किए

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में पीएम किसान सम्मान योजना की 17वीं किस्त में 9.5 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए वितरित किए गए। अभी तक कुल 12 करोड़ 33 लाख किसानों को 3 लाख करोड़ रुपए वितरित किए गए हैं। बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य को हटाया, प्याज पर निर्यात शुल्क 40% से 20% किया, एग्री श्योर नाम का एक नया फंड भी लॉन्च किया गया है।

### गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा जा रहा

49 हजार करोड़ की लागत से 25 हजार गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ने की योजना की शुरुआत, 100 की आबादी वाले गांवों को जोड़ेगी। 50,600 करोड़ की लागत से भारत की बड़ी सड़कों को बढ़ाने का निर्णय लिय है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के वधवान में 76 हजार करोड़ की लागत से मेगा पोर्ट बनाने का ऐलान किया है जो विश्व के 10 प्रमुख बंदरगाहों में शामिल होगा। बेंगलुरु मेट्रो, पुणे मेट्रो, ठाणे इंटीग्रेटेड रिंग मेट्रो और अन्य कई मेट्रो के प्रोजेक्ट पर काम भी आगे बढ़ा है।

### प्रदर्शनकारी चिकित्सकों की मांग हुई पूरी

# मनोज वर्मा कोलकाता के नए पुलिस आयुक्त नियुक्त हुए



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी मनोज कुमार वर्मा को विनीत गोयल की जगह मंगलवार को कोलकाता का नया पुलिस आयुक्त बनाया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग में भी चार नई नियुक्तियां हुई है। बता दें कि एक दिन पहले प्रदर्शनकारी डॉक्टरों की मांगें मानने के बाद ये नियुक्तियां की गई हैं।

गृह सचिव की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक आईपीएस जावेद शमीम को एडीजी कानून व्यवस्था नियुक्त किया गया है। आईपीएस त्रिपुरारी अथर्व को आर्थिक अपराध निदेशालय का निदेशक नियुक्त किया गया है। आईपीएस अधिकारी अभिषेक गुप्ता को ईएफआर सेकेंड बटालियन का कमांडिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। दीपक सरकार को उत्तरी मंडल कोलकाता का उपायुक्त नियुक्त किया गया है। आईपीएस अधिकारी ज्ञानवंत सिंह को खुफिया विभाग में एडीजी और आईजीपी के पद पर नियुक्त किया गया है।

### जांच पर रिपोर्ट दाखिल करें

**नई दिल्ली।** सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने मंगलवार को सीबीआई से नए सिरे से स्थिति रिपोर्ट भी मांगी है। अदालत ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच पर स्थिति रिपोर्ट पेश करे। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ मामले पर सुनवाई की। अदालत ने कहा कि वह एक सप्ताह बाद फिर मामले में सुनवाई करेगी। सर्वोच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार के रात के साथी कार्यक्रम पर आपत्ति जताई। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार को इसमें सुधार करना चाहिए। आपका कर्तव्य सुरक्षा देना है। आप महिलाओं से नहीं कह सकते कि आप रात में काम नहीं कर सकतीं।

## ईडी ने छह ठिकानों पर छापे मारे

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में मंगलवार सुबह तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक के आवास समेत कोलकाता में छह स्थानों पर एक साथ छापे मारे। एजेंसी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के श्रीरामपुर से विधायक सुदीप्तो रॉय के सीथी स्थित आवास और एक दवा विक्रेता के आवास के अलावा चार अन्य स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि ये छापे आरजी कर अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर हमारी जांच के तहत मारे जा रहे हैं।

# कांग्रेस का दबाव रंग लाया: विदेश, कृषि, शिक्षा और ग्रामीण विकास संसदीय स्थायी समिति की मिली कमान


▶▶ नई दिल्ली

आखिरकार कांग्रेस का दबाव काम आया। विभिन्न मंत्रालयों की संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्षता के लिए खींचतान का अंत करते हुए कांग्रेस के हिस्से विदेश मंत्रालय सहित चार मंत्रालयों की अध्यक्षता आई है। जल्द ही इसकी घोषणा लोकसभा सचिवालय से की जाएगी। कांग्रेस पार्टी को कुल चार संसदीय स्थायी समितियों की अध्यक्षता देने पर सहमति बनी है। तीन लोकसभा से और एक राज्यसभा से। कांग्रेस पार्टी की ओर से लोकसभा में संसदीय दल के उपनेता गौरव गोगोई और राज्यसभा से जयराम रमेश ने संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू और राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल के साथ बातचीत कर ये तय किया है कि कांग्रेस के हिस्से विदेश, कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय के संसदीय स्थायी की अध्यक्षता रहेगी जब कि राज्यसभा के कोटे से शिक्षा मंत्रालय के कामकाज का ऑडिट करने की भी जिम्मेदारी कांग्रेस के किसी वरिष्ठ सांसद के पास होगी। एक स्थायी समिति की अध्यक्षता तृणमूल कांग्रेस को भी दी जानी है लेकिन पश्चिम बंगाल में चल रहे 'अनरेस्ट' की वजह से पार्टी अध्यक्ष और सीएम ममता बेनर्जी की ओर से संवाद स्थापित नहीं हो पाया है। उनकी तरफ से हरी झंडी मिलते हुए स्थायी समितियों का औपचारिक ऐलान कर दिया जाएगा। विपक्षी दलों में शामिल समाजवादी पार्टी और डीएमके को भी एक-एक स्थायी समिति की अध्यक्षता मिलनी है। लोकसभा कोटे से 16 और राज्यसभा के कोटे से 8 संसदीय स्थायी समितियों का गठन किया जाना है। अभी तक महत्वपूर्ण माने जाने वाली पब्लिक एकाउंटस कमेटी (पीएसी) का गठन किया गया है जिसकी अध्यक्षता विपक्ष के सांसद को दी जाती है जो कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल के पास है। पीएसी सेबी के कामकाज की समीक्षा कर रही है। भाजपा के सांसद गणेश सिंह को अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की अध्यक्षता, संजय जायसवाल को एस्टीमेट कमेटी, वैजंत पांडा को पब्लिक अंडरटेकिंग्स और भाजपा के ही फग्गन कुलस्ते को एससी-एसटी की अध्यक्षता सौंपी गई है।

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर 2022 में शुरू हुई थी 'चीता परियोजना'

# दो साल में कूनो में बचे 20 में से 12 चीते, 8 की हुई मौत

▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 17 सितंबर 2022 को भारत में करीब सात दशक बाद चीता को फिर से बसाने के लिए शुरू की गई 'चीता परियोजना' के मंगलवार को दो साल पूरे हो गए। चीतों की प्रारंभिक प्रवास स्थली बनाए गए मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में इस दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से दो साल पहले इस परियोजना के तहत अफ्रीका महाद्वीप से दो बैच में कुल 20 चीते लाए गए थे। पहले बैच में नामीबिया से 8 और दूसरे बैच में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते लाए गए थे। इनमें से नामीबिया से लाए गए 8 में से 4 और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 12 में से 4 चीतों की मौत हो गई। इसके बाद बाकी बचे हुए चीतों की संख्या 12 हो गई है। जबकि इस अवधि में कूनो में शावक भी समान संख्या में (12) हैं। यहां कुल 17 शावकों का जन्म हुआ था। लेकिन इनमें से 5 की मौत हो गई थी।

### चीता प्रबंधन में तालमेल का अभाव

*उधर, मध्य प्रदेश सरकार की ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि राज्य के कूनो राष्ट्रीय उद्यान चीतों के लिए नहीं बल्कि गुजरात के गिर के शेरों के लिए तैयार किया गया दूसरा घर था। चीतों के प्रबंधन को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के विभागों के बीच तालमेल की कमी देखने को मिली। कूनो की प्रबंधन योजना चीतों से जुड़ी हुई नहीं थी। इसमें नियमों के उल्लंघन के अलावा दस्तावेजों में चीता परियोजना पर आए खर्च की जानकारी भी मौजूद नहीं थी।*

### केंद्र ने सराहे परियोजना से जुड़े प्रयास

*मंत्रालय के मुताबिक, चीता परियोजना पीएम मोदी का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। जो संकटग्रस्त वन्य जीव प्रजातियों और उनसे जुड़े पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से सफलतापूर्वक बसाने की उम्मीद को प्रदर्शित करता है। आज जब पूरी दुनिया इन चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चहलकदमी करते हुए देख रही है तो हम इस पूरी कवायद में समर्पण के साथ शामिल सभी के प्रयासों की सराहना करते हैं। इसके जरिए हमारे इकोसिस्टम में संतुलन बनाने की कोशिशों की शुरुआत की गई है। कूनो में फिलहाल नामीबिया से लाए गए चीतों में शामिल ज्वाला के 5 और आशा के लिए 3 शावक हैं। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका से लाई गई गामिनी मादा चीता के 4 शावक मौजूद हैं।*

### राहुल गाँधी के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी पर खरगे की मांग

# ऐसे भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करें पीएम मोदी

▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहले जन्मदिन की बधाई दी फिर भाजपा नेताओं द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर दिए जा रहे कथित रूप से आपत्तिजनक बयानों पर सख्त आपत्ति जताई।

उन्होंने एक पेज के पत्र में लिखा, आप अवगत होंगे कि लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के ख़िलाफ़ बेहद आपत्तिजनक, हिंसक और अशिष्ट बयानों का सिलसिला चल रहा है। मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि भारतीय जनता पार्टी और आपके सहयोगी दलों के नेताओं ने जिस हिंसक भाषा का प्रयोग किया है, वह भविष्य के लिए घातक है। विश्व हैरान है कि केंद्र सरकार में रेल राज्य मंत्री, भाजपा शासित उत्तर प्रदेश के मंत्री, लोक सभा में प्रतिपक्ष के नेता को 'नंबर एक आतंकवादी' कह रहे हैं। महाराष्ट्र में आपकी सरकार में सहयोगी दल का एक विधायक, नेता प्रतिपक्ष की 'जुबान काट कर लाने वाले को 11 लाख रुपए का इनाम' देने की घोषणा कर रहे हैं। दिल्ली में एक भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक, उनका 'हश्र दादी जैसा' करने की धमकी दे रहे हैं।



### अपने नेताओं पर अनुशासन, मर्यादा का अंकुश लगाएं

*कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, भारतीय संस्कृति अहिंसा, सद्भाव और प्रेम के लिए विश्व भर में जानी जाती है। इन बिंदुओं को हमारे नायकों ने राजनीति में मानक के रूप में स्थापित किया। गांधीजी ने अंग्रेजी राज में ही इन मानकों को राजनीति का अहम हिस्सा बना दिया था। आजादी के बाद संसदीय परिधि में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सम्मानजनक अहसमतियों का एक लंबा इतिहास रहा है। इसने भारतीय लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का काम किया। पार्टी के कार्यकर्ताओं की मनोभावना को बताते हुए खरगे ने लिखा, कांग्रेस के करोड़ों कार्यकर्ता और नेता इस बात को लेकर बहुत उद्वेलित और चिंतित हैं, क्योंकि ऐसी घृणा फैलाने वाली शक्तियों के चलते राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी, और राजीव गांधी को शहादत देनी पड़ी है। सत्ताधारी दल का यह राजनीतिक व्यवहार लोकतांत्रिक इतिहास का अशिष्टतम उदाहरण है। राहुल गाँधी को लेकर अनर्गल बयानबाजी करने वाले नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए खरगे ने लिखा कि मैं आपसे अनुरोध और अपेक्षा करता हूँ कि आप कृपया अपने नेताओं पर अनुशासन और मर्यादा का अंकुश लगाएं। उचित आचरण का निर्देश दें। ऐसे बयानों के लिए कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भारतीय राजनीति को पतनशील बनने से रोका जा सके। कोई अनहोनी न हो। मैं भरोसा करता हूं कि आप इन नेताओं को हिंसक बयानों को तत्काल रोकने के बारे में अपेक्षित कार्यवाही करेंगे।*

### सरकार बनी तो पूरा करने का वादा

# हरियाणा के लिए खरगे-राहुल आज जारी करेंगे विशेष गारंटी

▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी आज कांग्रेस मुख्यालय में घोषणा पत्र के रूप में हरियाणावासियों के लिए गारंटी जारी करने जा रही है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की ओर से पहली 15 गारंटियों की घोषणा किए जाने की संभावना है। कुछ दिनों के बाद कांग्रेस की गारंटियां चंडीगढ़ से भी जारी की जाएगी। गारंटियों में किसान, नौजवान, और खेल खिलाड़ियों को विशेष तवज्जो दी जाएगी। हरियाणा में कांग्रेसी सरकार सत्तारूढ़ होने के बाद दो लाख खाली पड़े सरकारी पदों पर पक्की भर्तियों की गारंटी दी जा सकती है। पुरानी पेंशन स्कीम और बुढ़ापा पेंशन 6 हजार तक किए जाने की गारंटी को भी शामिल किया जा सकता है। किसानों को एमएसपी पर फसलों की खरीदी, पिछड़ा वर्ग क्रीमी लेयर की आय सीमा को 8 लाख से बढ़ाकर 10 लाख, 300 यूनिट तक बिजली बिल माफ, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को पक्की नौकरी जैसे अन्य विषयों को अपने गारंटियों के मार्फत लोकलुभावन वादे कर सकती है।

स्वात्वाधिकारीः प्रकाशक एवं मुद्रकः पंकज गर्ग द्वारा नमस्ते राजस्थान 14/71, प्रेम भवन, चित्तौड़वालों की हवेली के पास, इन्द्रा मार्केट के सामने, शाम की सब्जी मंडी रोड, भोपालगंज, भीलवाड़ा, राजस्थान 311001 से प्रकाशित एवं डीबी कॉर्प लि. दैनिक भास्कर प्रिंटिंग प्लांट, 12 इन्द्रा सर्किल, गठीलाखेड़ा, शारदा ड्रीम कॉलोनी के पास चित्तौड़ रोड, भीलवाड़ा राजस्थान से मुद्रित। सम्पादकः पंकज गर्ग, कार्यालय नंबरः 01482-455184, मों. 9214417111, 8005910698, e-mail: namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com